■ वैशाख शुक्ल - 1 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 281 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 09-05-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 राहुल को रायबरेली से हारने के बाद इटली में बस जाना चाहिए : शाह

6 कांग्रेस पर मुस्लिमों को आरक्षण व संपत्ति देने का आरोप और सच

7 'सुहागन चुड़ैल' के सेट से निया शर्मा ने शेयर किए फोटो



## फर्स्ट टेक

### भारी सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची ओलंपिक की मशाल

**मार्सेली (फ्रांस)/एपी।** भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की जाएगी। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्ज्वलित की गई थी जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम करतब दिखाएगी। आयोजन समिति के प्रमुख टोनी एस्तांगेत ने कहा, फ्रांस में ओलंपिक खेलों की वापसी का शानदार जश्न होगा। मशाल रिले बृहस्पतिवार को मार्सेली से शुरू होगी।

### यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर रूस के भीषण हमले

**कीव/एपी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि रूस ने बुधवार को देश में सात स्थानों को निशाना बनाकर 50 से अधिक मिसाइलों और ड्रोन से ऊर्जा इकाइयों पर हवाई हमले किए। अधिकारियों ने बताया कि रूस के कब्जे वाले क्षेत्र में नीपर नदी से किए गए हमलों में खेरसोन शहर में रेलवे स्टेशन और पटरियों को नुकसान हुआ है और राजधानी कीव से लगे ब्रोवेरी में दो लोग घायल हो गए। रूस यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को लगातार निशाना बनाता रहा है। 27 अप्रैल को उसने ऊर्जा इकाईयों पर बड़ा हवाई हमला किया था और उससे एक सप्ताह पहले एक और हमला किया था।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बुधवार को 21 मई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किए जाने के बाद सिसोदिया की हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल नौ मार्च को शराब नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (जीएनसीटीडी) की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की जांच के दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पहले ही सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था।

| 09-05-2024 सूर्यास्त | 10-05-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:55 बजे | 6:36 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,466.39 | 22,302.50 |
| (-45.46) | (0) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,363 रु. | 82,429 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### इंतजार है

कब आएगा वह वक्त,
चुनावों में ना होगा दुष्प्रचार्।
ना भीड़ जुटाने खातिर दल,
बाँटेंगे धन या इश्तिहार्।
होंगे प्रत्याशी योग्य सभी,
ना जाति धर्म होगा आधार्।
मिडिया तटस्थ निष्पक्ष रहे,
हिंसा नफरत हो दरकिनार ।।

## प्रधानमंत्री ने सैम पित्रोदा की नस्लीय टिप्पणी को लेकर कांग्रेस को घेरा

# त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे देशवासी : मोदी

■ पित्रोदा की कथित टिप्पणियों के बाद देश की राजनीति में एक नया विवाद पैदा हो गया है। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि भारत के उत्तर पूर्व के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण के लोग अफ्रीकियों की तरह दिखते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की भारतीयों की त्वचा के रंग संबंधी कथित नस्लीय टिप्पणी को लेकर विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा और जोर देकर कहा कि देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें अब यह बात समझ में आ गई है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को हराने की कोशिश इसलिए की थी क्योंकि उनकी 'त्वचा का रंग सांवला' है।

पित्रोदा के कथित बयान से विवाद बढ़ने के बाद मोदी ने सवाल किया, कोई मुझे बताइए क्या मेरे देश में चमड़ी के रंग के आधार पर लोगों की योग्यता तय होगी?''

वारंगल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने पूछा, त्वचा के रंग के इस खेल के लिए 'शहजादे' को किसने इजाजत दी?''

पित्रोदा की कथित टिप्पणियों के बाद देश की राजनीति में एक नया विवाद पैदा हो गया है। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि भारत के उत्तर पूर्व के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण के लोग अफ्रीकियों की तरह दिखते हैं।

मोदी ने कहा, मैं बहुत गुस्से में हूं आज दोस्तों! मुझे कोई गाली दे, मुझे गुस्सा नहीं आता है। मैं सहन कर लेता हूं। लेकिन आज शहजादे के फिलॉस्फर ने इतनी बड़ी गाली दी है, जिसने मुझमें गुस्सा भर दिया है।

राहुल गांधी की चुनावी रैलियों में संविधान की प्रति का प्रदर्शन करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान सिर पे लेकर 'नाचने वाले' लोग, चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों का अपमान कर रहे हैं। मोदी ने कहा, शहजादे आपको जवाब देना पड़ेगा। चमड़ी के रंग के आधार पर मेरे देशवासियों का अपमान मेरा देश सहन नहीं करेगा और मोदी तो कतई नहीं करेगा। मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें अब पता चला है कि मुर्मू की इतनी प्रतिष्ठा होने के बावजूद कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें हराने की कोशिश क्यों की थी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर सैम पित्रोदा के संदर्भ में कहा, मुझे आज पता चला कि शहजादे के एक अंकल अमेरिका में रहते हैं। चाचा उनके दार्शनिक और मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा, शहजादे के दार्शनिक और मार्गदर्शक चाचा ने एक बड़ा राज खोला है। उन्होंने कहा कि जिनकी त्वचा का रंग सांवला है, वे सभी अफ्रीका के हैं।

मोदी ने आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि उन्होंने (पित्रोदा) त्वचा के रंग के आधार पर देश के कई लोगों का अपमान किया है। मोदी ने कहा कि त्वचा का रंग कोई भी हो, देशवासी भगवान श्री कृष्ण की पूजा करते हैं, जिनकी त्वचा का रंग भी हम सभी की तरह था।

### पित्रोदा ने 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने बुधवार को 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने पित्रोदा के निर्णय को स्वीकार कर लिया है। रमेश ने कहा, श्री सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका निर्णय स्वीकार कर लिया है।

## प्रधनमंत्री ने राहुल गांधी पर लगाया आरोप

# 'शहजादे' घोषित करें, इस चुनाव में अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया

**हैदराबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। मोदी ने कहा, आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरू किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति... फिर धीरे-धीरे कहने लगे... अंबानी, अडाणी... पांच साल से... लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अडाणी को गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, जरा ये शहजादे घोषित करे कि इस चुनाव में अंबानी अडाणी से कितना माल उठाया है? काले धन के कितने बोरे भर के रुपए मारे हैं? क्या टेम्पो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या? क्या सौदा हुआ है कि आपने रातों-रात अंबानी, अडाणी को गाली देना बंद कर दिया? जरूर दाल में कुछ काला है। पांच साल तक अंबानी, अडाणी को गाली दी और रातों रात गालियां बंद हो गई। मतलब कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है। ये जवाब देना पड़ेगा देश को।

## राहुल का मोदी पर पलटवार, कहा -

# अडाणी, अंबानी ने 'टेम्पो में पैसा भेजा' तो ईडी, सीबीआई से जांच कराएं



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह इस बात की जांच सीबीआई या ईडी से कराएं कि क्या उद्योगपति अडाणी और अंबानी ने उनकी पार्टी को ''टेम्पो से पैसा भेजा'' है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए गांधी ने एक वीडियो संदेश में पूछा कि क्या मोदी उद्योगपतियों द्वारा भेजे जा रहे पैसों के बारे में अपने ''व्यक्तिगत अनुभव'' के आधार पर बोल रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने दो उद्योगपतियों को जितने पैसे दिए हैं, कांग्रेस पार्टी विभिन्न योजनाओं के जरिए भारत की जनता को उतना पैसा देगी, जिसका पार्टी ने वादा किया है। उन्होंने दावा किया, देश जानता है कि भाजपा के भ्रष्टाचार के टेम्पो का 'ड्राइवर' और 'खलासी' कौन है।

# हाइड्रोजन और हरित ईंधन पर चलेंगे आने वाले वर्षों में वाहन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेगूसराय/भाषा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा, ''हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है और आने वाले वर्षों में देश में वाहन हाइड्रोजन एवं हरित ईंधन से चलेंगे।''

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के पक्ष में बेगुसराय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा, ''भारत हर साल जीवाश्म ईंधन का आयात करता है। अब हमारे किसान हरित ईंधन और हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करेंगे। हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है और आने वाले वर्षों में देश में वाहन हाइड्रोजन और हरित ईंधन से चलेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देश के समग्र विकास के साथ-साथ किसानों के कल्याण के लिए भी काम कर रहे हैं।''

गडकरी ने कहा, ''एथेनॉल की बढ़ती मांग भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदल देगी। इससे किसान ''ऊर्जा दाता'' बन जाएंगे और वे अब केवल ''अन्नदाता'' नहीं रहेंगे। इथेनॉल से चल सकने वाले विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन आधारित वाहन किसानों को समृद्ध बनाएगा। इथेनॉल उद्योग किसानों के लिए एक वरदान है। देश में इथेनॉल की मांग बढ़ेगी। यह निश्चित रूप से भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदल देगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं एक बार फिर दोहरा रहा हूं कि हमारे किसान जल्द ही ''ऊर्जा दाता'' बन जाएंगे।

## चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण

# एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 80 से अधिक उड़ान रद्द कीं

**नई दिल्ली/कोच्चि/भाषा।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार रात से अपनी 80 से अधिक उड़ान रद्द कर दी हैं क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कथित कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन के तौर पर बड़ी संख्या में चालक दल के वरिष्ठ सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके बाद देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। केरल के कुछ हवाईअड्डों पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के कई यात्रियों ने अंतिम समय में अपनी उड़ान रद्द होने के खिलाफ प्रदर्शन किया जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि उन्हें सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद उड़ान निरस्त होने की सूचना दी गई। उड़ानें रद्द होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने को कहा।

### एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके वापस मंगाए

नई दिल्ली/भाषा। ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं।

### कुलगाम मुठभेड़ स्थल पर तीसरा आतंकवादी भी ढेर

**श्रीनगर/एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को हुए ताजा मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने छिपे हुए एक और आतंकवादी को मार गिराया। इसी जगह पर एक दिन पहले हुई मुठभेड़ में टीआरएफ के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए थे। जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, कुलगाम में अभियान बहाल, ताजा गोलीबारी जारी। सुरक्षों बलों की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को भी कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में तलाशी जारी रखी क्योंकि उन्हें घर में तीन आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी और उनमें से टीआरएफ कमांडर बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गये थे। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादी ने सुरक्षा बलों के दल पर गोलीबारी की। सुरक्षा बलों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने गोलीबारी होने पर मुठभेड़ स्थल के आसपास घेराबंदी कड़ी कर दी।







# नए फैशन कलेक्शन के साथ आ रही है हाई लाइफ प्रदर्शनी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। फैशन, स्टाइल, डेकोर और लग्जरी के लिए मशहूर हाई लाइफ प्रदर्शनी का आगाज यहां द ललित अशोक में 10 मई को होगा। यह तीन दिवसीय आयोजन है, जो 12 मई तक जारी रहेगा। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक है। आयोजकों ने बताया कि यह आकर्षक वसंत ग्रीष्म संस्करण है। भारत के पसंदीदा फैशन शोकेस के रूप में हाई फैशन के साथ इस नए सीज़न की शुरुआत करें। हाई लाइफ प्रदर्शनी नए फैशन कलेक्शन के साथ आ रही है।

उन्होंने बताया कि यहां डिज़ाइनर परिधान, आभूषण, दुल्हन के परिधान, फैशन एक्सेसरीज़ और बहुत सारे शानदार प्रॉडक्ट्स नई रेंज में उपलब्ध होंगे, जो लुक को चार चांद लगाएंगे। इस सीज़न स्टाइलिश फैशन कलेक्शन के साथ स्टाइल स्टेटमेंट बनाएं। यहां ब्राइडल, गोल्ड, फुट वियर, बेड लिनन, नेल आर्ट, लहंगा, डायमंड, बैग और क्लच, फर्निशिंग, स्किन केयर, कस्टम मेड, सिल्वर, कमर बेल्ट, रग्स एंड कार्पेट, फेस केयर, कीमती स्टोन्स, हेयर एक्सेसरीज, फर्नीचर, बालों की देखभाल, डिजाइनर सूट, मिट्टी के बर्तन, हाथ से बने साबुन, पोशाक, पेंटिंग, सुगंध संग्रह, भित्ति चित्र, डिजाइनर साड़ी, मास्क, ब्लाउज, फॉर्मल वियर, ऑफिस वियर, दीया, कैजुअल, कैंडल्स, सेमी कैजुअल, स्टेशनरी, लाउंज, ट्राउसेउ पैकिंग, पार्टी वियर, गिफ्टिंग, मेन्स एथनिक वियर, किड्स वियर, शॉल और स्टोल आदि उपलब्ध रहेंगे।

## अमावस्या प्रसादी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



स्थानीय गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक के तत्वावधान में मैसूर बैंक सर्कल स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में 73वीं महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें लगभग 4500 से भी अधिक जरुरतमंदों को भोजन का वितरण कराया गया। भंवरीबाई हीरालाल गुगलिया परिवार परिवार के सौजन्य से आयोजित इस मानवसेवी कार्य में समिति के चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल, अध्यक्ष किरणचंद बोहरा, उपाध्यक्ष अशोकचंद कोठारी, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल बाफना, महामंत्री उगमराज चोपड़ा, सहमंत्री महेंद्रकुमार मेहता, विनोद चोरड़िया आदि जनों ने महाप्रसादी वितरण में सहयोग किया।



# जिंदगी की मूल जिज्ञासा स्वयं को जानने की है : आचार्य प्रसन्नसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक जैन भवन में विराजित दिगम्बर आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में तीन तरह के लोग हैं, एक वे जिन्हें यह नहीं मालूम है कि वे कौन हैं ? दूसरे वे लोग जो स्वयं से पूछते हैं कि वे कौन हैं? और तीसरे वे लोग जिन्होंने जान लिया कि वे कौन हैं?

पहले तरह के लोग संसारी हैं, दूसरे सन्यासी हैं, तीसरे जीव सिद्ध परमात्मा हैं । जिंदगी की मूल जिज्ञासा स्वयं को जानने की है। जिसने अपने आप को जाना है, वही महावीर बन पाये। कुछ लोग बचपन में ही जाग जाते हैं, निःसंदेह वे बड़भागी हैं, उनके सौभाग्य का क्या कहना। ऐसे ही महान संत थे आचार्य कुंदकुंदजी व आचार्य जिनसेनजी।

जो लोग बचपन में सोए रहते हैं , लेकिन जवानी में जाग जाते हैं , वे भी भाग्यशाली हैं , भगवान महावीर और गौतम बुद्ध ऐसे ही सौभाग्यशालियों में से थे। कुछ लोग बचपन और जवानी में सोए रहते हैं, पर बुढ़ापे में जाग जाते हैं, वे भी भाग्यशाली हैं । लेकिन बहुत से लोग सोए-सोए ही पैदा होते हैं, सोए-सोए जीते हैं और सोए-सोए ही दुनियाँ से कूच कर जाते हैं, चले जाते हैं, ऐसे अभागों के विषय में क्या कहें और क्या करें ? तुम भी दुनियाँ से कूच करने से पहले अवश्य जाग जाना, वर्ना तुम अभागों के सिरमौर कहे जाओगे। उपाध्यायश्री पीयूषसागरजी ने 14 से 18 मई तक आचार्य श्री के सान्निध्य में सम्पन्न होने वाले अनोखे शिविर को अति विशेष बताते हुए कहा कि इसमें आकर आप जो आचार्यश्री से प्राप्त करेंगे, वो आपके जीवन को प्रसन्न और उन्नत बना देगा, अतः इन पलों को चूके नहीं। होसूर रोड पर क्राइस्ट कॉलेज के सामने सत्य साई संस्कृत सदनम में अक्षय तृतीया का महापर्व 10 मई को आचार्य संघ के सान्निध्य में मनाया जाएगा ।

# केनरा बैंक ने वित्तीय परिणाम जारी किए, निवल लाभ में 18.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। केनरा बैंक ने 31 मार्च को समाप्त वर्ष/तिमाही के वित्तीय परिणाम बुधवार को जारी किए। उसने बताया कि निवल लाभ में वर्षानुवर्ष 18.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वैश्विक जमा में 11.29 प्रतिशत की और वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान 120 प्रतिशत की तुलना में प्रदत्त पूंजी पर 161 प्रतिशत लाभांश मिला है। बैंक ने बताया कि वैश्विक कारोबार 11.31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22,72,968 करोड़ रुपए, सकल अग्रिम 11.34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,60,602 करोड़ रुपए, वैश्विक जमा 11.29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13,12,366 करोड़ रुपए रही है। इसी तरह निवल-ब्याज आय में 11.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निवल लाभ 18.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,757 करोड़ रुपए रहा। आस्तियों पर रिटर्न 20 बीपीएस सुधार के साथ 1.01 प्रतिशत रहा। प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 179 बीपीएस सुधार के साथ 89.10 प्रतिशत रहा है। बैंक ने बताया कि ऋण लागत 21 बीपीएस के गिरावट के साथ 0.96 प्रतिशत रही। सकल एनपीए अनुपात 112 बीपीएस की गिरावट के साथ 4.23 प्रतिशत रहा है। निवल एनपीए अनुपात 46 बीपीएस की गिरावट के साथ 1.27 प्रतिशत रहा है। आरएएम क्रेडिट में 13.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

बैंक ने बताया कि खुदरा ऋण में 11.68 प्रतिशत की वृद्धि, आवास ऋण में 10.81 प्रतिशत और वाहन ऋण में 14.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2,53,206 करोड़ रुपए की पोर्टफोलियो राशि के साथ कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 18.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निवल ब्याज मार्जिन 10 बीपीएस सुधार के साथ 3.05 प्रतिशत रहा। इक्विटी पर रिटर्न 257 बीपीएस सुधार के साथ 22.06 प्रतिशत रहा है।

बैंक के कारोबार में भी वृद्धि हुई है। उसका वैश्विक कारोबार मार्च 2024 तक 11.31 प्रतिशत (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ 2272968 करोड़ रुपए हो गया, जिसमें वैश्विक जमा राशि 1312366 करोड़ 11.29 प्रतिशत और वैश्विक अग्रिम (सकल) 960602 करोड़ 11.34 प्रतिशत रहा है। बैंक ने बताया कि उसकी घरेलू जमा राशि मार्च 2024 तक 10.98 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1214951 करोड़ रुपए रही। बैंक का घरेलू अग्रिम (सकल) मार्च 2024 तक 11.06 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 908182 करोड़ रुपए रहा। खुदरा ऋण पोर्टफोलियो मार्च 2024 तक 11.68 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 156414 करोड़ रुपए रहा है। आवास ऋण पोर्टफोलियो 10.81 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 93482 करोड़ रुपए रहा। कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए अग्रिम राशि मार्च 2024 तक 18.69 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 253206 करोड़ रुपए रही।

बैंक ने बताया कि सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2024 में घटकर 4.23 प्रतिशत रहा, जो दिसंबर 2023 में 4.39 प्रतिशत, मार्च 2023 में 5.35 प्रतिशत था। मार्च 2024 तक सीआरएआर 16.28 प्रतिशत (दिसंबर 2023 तक 15.78 प्रतिशत) रहा, जिसमें से टियर-1 13.95 प्रतिशत (दिसंबर 2023 तक 13.38 प्रतिशत), सीईटी-1 11.58 प्रतिशत (दिसंबर 2023 तक 11.28 प्रतिशत) और टियर-2, 2.33 प्रतिशत (दिसंबर 2023 तक 2.40 प्रतिशत) था। बैंक ने बताया कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि ऋण में एएनबीसी के क्रमशः 40 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के मानदंड की तुलना में बैंक ने मार्च 2024 तक प्राथमिकता क्षेत्र में 46.08 प्रतिशत और कृषि ऋण में एएनबीसी का 22.71 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। लघु और सीमांत किसानों को ऋण प्रदान करने के एएनबीसी के 10 प्रतिशत के मानदंड की तुलना में बैंक 16.08 प्रतिशत का लक्ष्य हासिल किया। 31 मार्च, 2024 तक बैंक की 9604 शाखाएं हैं। जिनमें से 3103 ग्रामीण, 2751 अर्ध-शहरी, 1907 शहरी और 1843 मेट्रो के साथ-साथ 10209 एटीएम हैं। बैंक की लंदन, न्यूयॉर्क, दुबई और गिफ्ट सिटी में 4 अंतरराष्ट्रीय शाखाएं भी हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## स्नात्र पूजा

बेंगलूरु के स्थानीय जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा के सदस्याओं द्वारा मुनिश्री मलयप्रभसागरजी एवं गुरूवर्याश्री स्वर्णाजनाश्रीजी की निश्रा में आराधना भवन में अमावस्या के मौके पर बबिता भंसाली परिवार के सौजन्य से स्नात्र पूजा सम्पन्न कराई गई। परिषद की अध्यक्ष आरती जैन ने उपस्थित महिलाओं का सम्मान किया। यह जानकारी परमेश्वरी संखलेचा ने दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## अमावस्या अन्नदान

महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु चैप्टर के कर्नाटक जोन के चेयरमैन सुशील तलेसरा, मुख्य सचिव विजयराज सिसोदिया, आशिक पिरगल, आशीष बाफ़ना, बेंगलूरु की चेयरपर्सन भारती छाजेड़ ने मधु रमेश मुनोथ के सौजन्य से अमावस्या के मौके पर सिटी मार्केट के पास 500 लोगों को अन्नदान किया।



# मन, वचन, काया की जागरुकता से पाप कर्म का बंध नहीं होता : साध्वी सिद्धप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के यशवन्तपुर सभा भवन में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने प्रवचन में कहा कि मन, वचन, काया से जीव छह प्रकार की क्रिया करता है। इन क्रियाओं को जागरुकतापूर्वक करने से पापकर्म का बंध नहीं होता। आगम में 4 प्रकार के श्रावक का वर्णन है। माता पिता के समान जो श्रावक होते है, वह उत्तम श्रेणी के होते है। निम्न श्रेणी के श्रावक सौत के समान होते है। शुभ करणी में भगवान की आज्ञा है। वर्षीतप तपस्वी गीताबाई दक एवं पुष्पा भटेवडा का सम्मान किया गया। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष गौतमचंद मुथा एवं महिला मंडल अध्यक्षा मीनाक्षी दक ने अपने विचार व्यक्त किए। साध्वीश्री का दो दिन का प्रवास यशवन्तपुर में रहा। गुरुवार को राजाजीनगर के विहार करेंगे। सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश बाबेल, उपाध्यक्ष शांतिलाल भंसाली, मंत्री महावीर ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष सुनील बाबेल, मदनलाल बरडिया, राजमल दक, मानकचंद मुथा, महिला मंडल की मंत्री लाडली मुथा, तेयुप के पूर्व अध्यक्ष कमलेश दक, मंत्री महावीर गन्ना आदि अनेक उपस्थित थे।

## उत्साहवर्धन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु की बीएमएस महिला महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी पावना, मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में 25 से भी ज्यादा टीम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुणोत ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें। इस अवसर पर प्राचार्य वसुंधरा, अभिराम शर्मा, बी पदमा, रूपा डी, महालक्ष्मी एम एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। महाविद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का सम्मान किया।

# हमें अपनी सभ्यता व संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेलगावी। शहर के चन्द्रप्रभस्वामी जैन मंदिर में तत्वावधान में एक स्कूल में विराजित महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने अपने प्रवचन में कहा कि फैशन का कार्य रॉकेट की रफ्तार से चल रहा है। नर नारियों मिलकर सड़क पर अंगोपांग के प्रदर्शन द्वारा अपने आप को माडर्न होने का तमगा दे रहे है। आज हमारा समाज अपनी सभ्यता व संस्कृति से भटक गया है। फैशन ने तीर्थ, मंदिर उपाश्रय, स्थानक जैसे पवित्रत्तम स्थानों में भी कामुकता की विषाक्त हवा फैला दी है। फैशन का प्रबलतम कार्य आत्मा को नीच गति में परिभ्रमण करवाने योग्य कर्म बन्ध करवाने का है। हमें अपने जीवन को सादा व शुद्ध बनाने का प्रयन्त करना चाहिए।



# रोटरी क्लब ने जय महावीर डायलिसिस सेंटर को दिया योगदान

## डायलेसिस हेतु तीन मशीनों के लिया दिया सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हलसूर रोटरी क्लब ने सीएसआर पार्टनर्स टीटीपी टेक्नोलॉजीज एवं कॉमवॉल्ट सिस्टम्स इंडिया के साथ सहयोग करते हुए कर्नाटक जैन रिलीफ फाउंडेशन के अंतर्गत जय महावीर डायलेसिस सेन्टर हलसूर को तीन डायलेसिस मशीनें भेंट की। सेन्टर के कार्यकारिणी सदस्य ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि दोनों कम्पनियों ने मौजूदा चल रही डायलेसिस सुविधा के अलावा तीन अत्याधुनिक डायलेसिस मशीनों का सहयोग प्रदान किया। कमल गादिया ने बताया कि इस मौके पर सीएसआर पार्टनर वरिष्ठ वित्त निदेशक नित्या कैडामी, कॉमवॉल्ट सिस्टम्स के वरिष्ठ प्रबंधक दिनेश, आरआरएफसी पीडीजी मंजूनाथ शेट्टी, जिला गवर्नर 2024-25 रोटेरियन महादेव प्रसाद और रोटरी हलसूर के सदस्यों की उपस्थिति में फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी तेजराज लोढ़ा, जवाहरलाल बोहरा, उत्तमचन्द गादिया, गौतमचंद गादिया, गौतमचंद सुराना आदि की उपस्थिति में प्रदान की गई।

सेन्टर के महावीर बोहरा ने बताया कि रोटरी सदस्यों ने डायलेसिस सेन्टर का मुआयना किया तथा अनेक सदस्यों ने रोजाना सहयोग की घोषणा की। डायलेसिस सेन्टर में नौ डायलेसिस मशीनों के सहयोग से प्रतिदिन 20 से 25 डायलेसिस की जा रही है। इस अवसर पर जैन संघ हलसूर के सदस्य एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित थे।

# कर्नाटक में हुई पहली रोबोटिक निप्पल स्पेयरिंग मास्टेक्टॉमी सर्जरी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कैंसर दुनिया भर में सबसे ज्यादा खतरनाक बीमारी बनी हुई है। कैंसर के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उपचार को नया रूप दिया जा रहा है, जिसने कैंसर की ईलाज व देखभाल को कई गुना आगे बढ़ा दिया है। उसी क्रम में शहर के अपोलो कैंसर सेंटर ने स्तन कैंसर के इलाज के लिए एक अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीक कर्नाटक की पहली रोबोटिक निप्पल स्पेयरिंग मास्टेक्टॉमी(आरएनएसएम) सर्जरी का सफल संचालन किया। ब्रेस्ट ऑन्कोलॉजी की प्रमुख सलाहकार व रोबोटिक ब्रेस्ट सर्जरी में प्रशिक्षित देश की पहली महिला सर्जन डॉ. जयंती थुम्सी के नेतृत्व में 28 वर्षीय ललिता श्रीधर(बदला हुआ नाम)और 52 वर्षीय आरती शेखरा (बदला हुआ नाम) दो महिलाओं पर सफल सर्जरी की। यह तकनीक उन्नत स्तन कैंसर के उपचार के साथ रोबोटिक तकनीक को जोड़ती है। एक छोटे लगभग अदृश्य चीरे के माध्यम से, रोबोटिक सर्जरी निपल और आसपास की त्वचा को बचाते हुए और उसकी सुरक्षा करते हुए सटीक मास्टेक्टॉमी को सक्षम बनाती है। इस सर्जरी में घाव का कम होना, जल्दी ठीक होने का समय और बेहतर कॉस्मेटिक परिणाम शामिल हैं, जिससे पारंपरिक मास्टेक्टॉमी तकनीकों की



तुलना में रोगी को बेहतर संतुष्टि मिलती है। डॉ. जयंती थुम्सी ने कहा कि उच्च प्रसार के बावजूद, शुरुआती पहचान और उन्नत उपचारों के कारण स्तन कैंसर से बचने की दर में काफी सुधार हुआ है। इस नवाचार के साथ, हमारा ध्यान केवल कैंसर को ठीक करने पर नहीं है बल्कि रोगियों के लिए जीवन की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर है। डॉ श्रीधर ने मरीज के बारे में बताया। एसीसी के मेडिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. विश्वनाथ एस. ने बताया कि रोबोटिक निप्पल स्पेरिंग मास्टेक्टॉमी नवीन और आशाजनक सर्जिकल तकनीकों में से एक है जिसे सुरक्षित माना जाता है, जिससे त्वचा और निप्पल जटिलताओं (नेक्रोसिस) की संभावना कम हो जाती है। घाव जल्दी भरने से कीमोथेरेपी की सुविधा मिलती है।

# तेयुप राजाजीनगर के सदस्यों ने अमावस्या पर किया जप, तप एवं स्वाध्याय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु के तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के तत्वावधान



में तेरापंथ भवन में साध्वीश्री उदितयशाजी की निश्रा में जैन दर्शन के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाणोत्सव एवं मासिक अमावस्या के उपलक्ष में जप, तप एवं स्वाध्याय की पंचम कार्यशाला का विशेष आयोजन किया गया। साध्वीजी ने ॐ ह्रीं श्रीं महावीराय नमः के जप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साध्वीश्री ने कहा कि आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा लिखित पुस्तक श्रमण महावीर से श्रमण भगवान महावीर स्वामी के बाल्यावस्था में अपने विवेक और ज्ञान द्वारा अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए औरों को भी चलना सिखलाया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष रोशनलाल कोठारी, सभा परिवार, महिला मंडल, प्रवक्ता उपासक महेंद्रकुमार दक, तेयुप व अन्य श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रही। मंच संचालन एवं आभार राजेश देरासरिया ने किया।

# जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना न्यायिक हिरासत में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) जद-एस नेता और विधायक एचडी रेवन्ना को अश्लील वीडियो' कांड से जुड़े अपहरण के एक मामले में 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने रेवन्ना को बेंगलूरु के केआर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक कथित अपहरण मामले के सिलसिले में गत चार मई को गिरफ्तार किया था। रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्ज्वल रेवन्ना के घर में कार्यरत एक महिला की शिकायत के बाद, कर्नाटक सरकार की ओर से गठित एसआईटी यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोपों की गहन जांच कर रही है। प्रज्ज्वल हसन लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं। यहां मतदान गत 26 अप्रैल को संपन्न हुआ।होलेनरसीपुरा का प्रतिनिधित्व करने वाले जद-एस विधायक रेवन्ना और उनके सहयोगी पर फिरौती के लिए अपहरण, नुकसान पहुंचाने के इरादे से अपहरण के तहत आरोप शामिल हैं। केआर नगर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में रेवन्ना को मुख्य आरोपी और एक अन्य व्यक्ति बबन्ना को द्वितीय आरोपी के रूप में पहचाना गया। रेवन्ना ने हालांकि आरोपों का जोरदार खंडन किया है और इसे अपने खिलाफ राजनीतिक साजिश' करार दिया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा,यह मेरे खिलाफ एक राजनीतिक साजिश चल रही है। अपने 40 साल के राजनीतिक जीवन में मैंने कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। पूर्व मुख्यमंत्री और जद-एस के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने भी इसी तरह की भावना व्यक्त करते हुए कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार पर श्री रेवन्ना के खिलाफ चरित्र हनन अभियान चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,यह सरकार निष्पक्ष जांच नहीं चाहती है। वे अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। अंततः कुछ नहीं होने वाला है। वे रेवन्ना का चरित्र हनन करना चाहते थे और इसी कारण से वे अपने पद का उपयोग कर रहे हैं।



# आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने में जद(एस) के नेता कुमारस्वामी का हाथ : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिकमगलूर। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाया कि हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से कथित तौर पर संबद्ध आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने में जद (एस) के नेता एच. डी. कुमारस्वामी का हाथ है, उन्हें 'ब्लैकमेलिंग'' में महारथ हासिल है और वह कहानी के मुख्य पात्र, निर्देशक और निर्माता हैं। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शिवकुमार उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की कुमारस्वामी की मांग पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। कुमारस्वामी ने शिवकुमार को कथित सेक्स वीडियो प्रसारित करने का मुख्य साजिशकर्ता करार दिया था। कुमारस्वामी के भतीजे और जद(एस) के सांसद रेवन्ना (33) यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इस प्रकरण से कर्नाटक में राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है। मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा-जद(एस) के बीच जुबानी जंग जारी है।कांग्रेस सरकार ने मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल भाजपा और जद (एस) ने मांग की है कि इसे सीबीआई को सौंप दिया जाए।



शिवकुमार ने कटाक्ष करते हुए कहा, कुमारस्वामी को (अश्लील वीडियो क्लिप वाली) पेन-ड्राइव मामले की पूरी जानकारी थी। एक वकील (देवराजे गौड़ा) और अन्य लोग ऐसा बोल रहे हैं। कुमारन्ना (कुमारस्वामी) मेरा इस्तीफा चाहते हैं, ऐसा लगता है कि वोक्कालिगा (समुदाय) के नेतृत्व के लिए प्रतिस्पर्धा है। वह चाहते हैं कि मैं उनके कहने पर इस्तीफा दे दूं।

उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, एक के बाद एक व्यक्ति को (राजनीतिक रूप से) खत्म करना उनका (कुमारस्वामी का) काम है। (कुमारस्वामी को) ब्लैकमेलिंग में उन्हें महारथ हासिल है...वह अधिकारियों, राजनेताओं, सभी को धमकी दे रहे हैं, इसके अलावा उनके पास करने के लिए और क्या है? उन्हें करने दीजिए। जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने कल एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया था कि उनके भतीजे एवं हासन से पार्टी उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' के वीडियो वाली 25,000 पेन ड्राइव चुनाव से पहले वितरित की गई थीं।

कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर मामले में साजिश रचने का आरोप लगाया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रज्ज्वल के खिलाफ कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए 28 अप्रैल को कांग्रेस सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भी सवाल उठाए। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे एवं जद (एस) नेता कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि यह विशेष जांच दल नहीं बल्कि ''सिद्दरामैया जांच दल'' और ''शिवकुमार जांच दल'' है।



बुधवार को शाम में बेंगलूरु में अच्छी बारिश सभी जगह आई। शहर के आरआर नगर में हुई बारिश का एक दृश्य।

# कर्नाटक में भारी बारिश होने का अनुमान

बेंगलूरु। कर्नाटक के लोगों के लिए अगला सप्ताह गर्मी से राहत भरा हो सकता है। मौसम विभाग ने पूरे राज्य बारिश बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बनने का अनुमान है और इससे अगले सप्ताह हो सकती है।जिससे दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्रों विशेष रूप से बारिश से प्रभावित होंगे।

राज्य के दक्षिणी आंतरिक जिलों में सोमवार को बारिश हुई है जिससे आगे भी बारिश हो सकती है। मौसम संबंधी अनुमानों के अनुसार बुधवार से दक्षिण कर्नाटक और तटीय क्षेत्रों में बारिश होने की उम्मीद है, जो अगले सप्ताह तक बारिश होने की शुरुआत को दर्शाता है।

विभाग के मुताबिक 13 और 14 मई के आसपास बारिश के चरम पर होने का अनुमान है, जिससे राज्य भर में भारी बारिश हो सकती है। यहां तक कि बीदर, कलबुर्गी, रायचूर और यादगिरि सहित उत्तरी जिलों में भी आज से बारिश होने की उम्मीद है, जो बाद में धीरे-धीरे उत्तरी कनार्टक के अन्य हिस्सों में हो सकती है। बारिश के पूर्वानुमान के बीच हालाँकि बागलकोट, धारवाड़, गदग और कोप्पल जैसे कुछ जिलों में अगले 48 घंटों में लू चलने के साथ-साथ बारिश भी हो सकती है। असामान्य मौसम से इसी अवधि के दौरान दक्षिण और उत्तरी कर्नाटक में बारिश और तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में नंजनगुड में सबसे अधिक सात सेमी बारिश रिकॉर्ड की गयी।



# कर्नाटक और असम के राज्यपाल वेल्लोर स्वर्ण मंदिर में समारोह में हुए शामिल हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/वेल्लोर। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और असम की प्रथम महिला की सम्मानित उपस्थिति ने वेल्लोर स्वर्ण मंदिर की 32वीं वर्षगांठ समारोह की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों ने एक विशेष पूजा में भाग लिया।

नारायणी पीठम की वर्षगाठ मनाने और श्रीशक्ति अम्मा का सम्मान करने पूरे विश्व से श्रद्धालु उपस्थित हुए। उनकी उपस्थिति ने मंदिर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया, जो एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है।

इस मौके पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने क्षेत्र की आध्यात्मिक विरासत के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया और विविध समुदायों के बीच शांति और समझ को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने भक्तों को हार्दिक आशीर्वाद दिया और आध्यात्मिकता और सामाजिक कल्याण पहल को बढ़ावा देने में मंदिर के प्रयासों की सराहना की।

# अश्लील वीडियो जारी करने पर बोलने वाले व्यक्ति को एसआईटी ने गिरफ्तार क्यों नहीं किया? : कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (एस) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर पर निशाना साधते हुए उनसे पूछा कि पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं की, जिसने कथित तौर पर कहा था कि हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो जारी किए जाएंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान पूछा, यह अब सार्वजनिक हो चुका है कि नवीन गौड़ा ने 21 अप्रैल की रात आठ बजे व्हाट्सऐप पर अगले कुछ सेकंड में अश्लील वीडियो जारी करने की घोषणा की थी। मैं गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर से पूछना चाहता हूं। एसआईटी (विशेष जांच दल) की क्या भूमिका है?



कर्नाटक में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण से पहले कुमारस्वामी के भतीजे प्रज्ज्वल से जुड़े कथित अश्लील वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुए। कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी ने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और राज्य पुलिस प्रमुख आलोक मोहन को पत्र लिखकर हासन में प्रसारित वीडियो की जांच की मांग की, जिसके बाद कांग्रेस सरकार ने 28 अप्रैल को मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया।

हासन से राजग उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले प्रज्ज्वल ने कथित तौर पर मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को देश छोड़ दिया। वह एसआईटी के समक्ष पेश होने के लिए जारी समन पर भी नहीं आए। प्रज्ज्वल के पिता और विधायक एच.डी. रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना को हासन के सांसद से संबद्ध यौन शोषण मामले से जुड़ी एक महिला के कथित अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि महिला को बाद में रेवन्ना के एक सहयोगी के फार्म हाउस से बचाया गया। कुमारस्वामी ने यह भी जानना चाहा कि अपहृत महिला को अभी तक अदालत में क्यों नहीं पेश किया गया है। उन्होंने कहा, अभी तक एसआईटी ने नवीन गौड़ा को गिरफ्तार नहीं किया है। उन्होंने उन्हें समन भी जारी नहीं किया है। आप इन सब बातों को क्यों दबा रहे हैं? वीडियो को सार्वजनिक हुए एक पखवाड़ा हो गया है। वह कौन है और तस्वीरों में किसके साथ दिख रहा है? पुलिस के मुताबिक, प्रज्ज्वल फरार है और इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है।

कुमारस्वामी ने कहा कि उन्हें अपने भतीजे के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, यदि आप मुझसे पूछें तो मैं आपको क्या उत्तर दे सकता हूं? मुझे नहीं पता। जब मैं उसके संपर्क में नहीं हूं... मैं आपको बहुत स्पष्ट रूप से बता रहा हूं। मेरा उससे कोई रिश्ता नहीं है। उसका अपना मामला है। कुमारस्वामी ने दावा किया कि पुलिस ने यह दिखाया कि अपहृत महिला को एक फार्महाउस से बचाया गया था, लेकिन उनके अनुसार, वह अपने रिश्तेदार के घर पर रह रही थी। उन्होंने हैरानी जताते हुए पूछा, बचाई गई महिला को न्यायाधीश के सामने क्यों नहीं पेश किया गया? उसके परिवार के 12 सदस्यों की कुमारकृपा गेस्ट हाउस में विशेष खातिरदारी क्यों की गई?

## रिलेक्स



हुब्बल्ली में बुधवार को अपने परिवार के पोते पोतियों के साथ समय बिताते हुए केन्द्रीय मंत्री एवं धारवाड़ से भाजपा के प्रत्याशी प्रहलाद जोशी। वे पिछले एक महीने से वह धारवाड़ लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर रहे थे। ज्योति जोशी ने अपने पति प्रल्हाद जोशी की जीत के लिए महिला कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में प्रचार भी किया।

# गृहमंत्री ने प्रज्ज्वल से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले की जांच सीबीआई से कराने से इनकार किया

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ.जी.परमेश्वर ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी की उस मांग को अस्वीकार कर दिया जिसमें जनता दल सेक्युलर के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कराने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि सरकार की सीआईडी (अपराध जांच विभाग) मामले की जांच करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है।

राज्य के गृहमंत्री ने कहा, ''कुमारस्वामी ने करीब 100 सवाल किए हैं। मैं उन सभी का जवाब नहीं दूंगा। उन्होंने सीबीआई जांच कराने की मांग की है जो हम नहीं कराने जा रहे हैं। एसआईटी (विशेष जांच टीम) सक्षम है। मैंने कहा है कि हम उचित जांच कराएंगे।'' परमेश्वर ने बताया कि महिला का अपहरण करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। महिला तीन बच्चों की मां है और इस मामले में जद(एस) के होलेनारासिपुरा के विधायक और रेवन्ना के पिता एच.डी.रेवन्ना भी आरोपी हैं और इस समय न्यायिक हिरासत के तहत कारागार में हैं।

जांच में हुई प्रगति के बारे में गृहमंत्री ने बताया कि रेवन्ना और उनके सहयोगी सतीश बबन्ना सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने तीसरे आरोपी की पहचान जाहिर करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि इससे जांच प्रभावित होगी। जब उनसे पूछा गया कि वीडियो लीक करने वालों के खिलाफ भी जांच की जाएगी तो परमेश्वर ने कहा, हम कुछ भी छिपाना नहीं चाहते हैं। जांच में पेन ड्राइव की सामग्री को प्रसारित करने का कोण भी शामिल है। परमेश्वर ने कहा, ''कुमारस्वामी ने आरोप लगाया है कि पुलिस कर्मियों ने वीडियो प्रसारित किया है। किस पुलिस ने इसे प्रसारित किया और कहां, हम इस पहलू पर भी गौर करेंगे। एसआईटी तय करेगी कि कुमारस्वामी को उनके आरोपों को लेकर नोटिस जारी किया जाए या नहीं।''

उन्होंने कहा कि सरकार को एसआईटी पर भरोसा है और हम उसकी रिपोर्ट का इंतजार करेंगे। कुमारस्वामी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस बयान की जांच कराने जाने की मांग की है कि 400 महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया। परमेश्वर ने कहा कि इस बारे में एसआईटी फैसला करेगी। प्रज्ज्वल रेवन्ना के वाहन चालक कार्तिक गौड़ा की गिरफ्तारी नहीं किए जाने के सवाल पर परमेश्वर ने कहा कि किसी को गिरफ्तार करने के लिए ठोस सबूत होने चाहिए। माना जा रहा है कि कार्तिक के पास ही पेन ड्राइव था जिसमें सांसद की संलिप्तता वाले अश्लील वीडियो थे। मंत्री ने कहा, ''जबतक हमें सबूत नहीं मिलता हम कार्तिक या देवराजे गौड़ा (भारतीय जनता पार्टी के नेता) को गिरफ्तार नहीं कर सकते।''

# हैकर श्रीकृष्णा 32 करोड़ रुपये मूल्य की 62 बिटकॉइन की चोरी के मामले में गिरफ्तार : परमेश्वर

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक की तुमकुरु पुलिस ने 32 करोड़ रुपये मूल्य की 62 बिटकॉइन की चोरी के मामले में हैकर श्रीकृष्णा उर्फ श्रीकी को गिरफ्तार किया है। राज्य के गृहमंत्री डॉ.जी.परमेश्वर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 32 करोड़ रुपये मूल्य की बिटकॉइन की लेनदेन तुमकुरु में हुई थी। राज्य के गृहमंत्री ने कहा, जांच के दौरान उसे (श्रीकृष्णा उर्फ श्रीकी) वहां ले जाया गया और अब उसकी भूमिका की पुष्टि हो जाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि श्रीकी को सोमवार रात को गिरफ्तार किया गया। परमेश्वर ने कहा, यह लेनदेन 32 करोड़ मूल्य की 62 बिटकॉइन की है। यह सब पूर्व में हुआ और तदनुसार उसे गिरफ्तार किया गया। वह इस मामले में अबतक गिरफ्तार होने वाला एकमात्र आरोपी है।

# मुस्लिम व्यक्ति को अविमुक्तेश्वर मंदिर समिति में शामिल करने पर राजनीति माहौल गरमाया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक की सिद्दरामैया सरकार के होसकोटे में अविमुक्तेश्वर ब्रह्मोत्सव समिति में एक मुस्लिम व्यक्ति को शामिल करने के फैसले पर बुधवार को राज्यभर में राजनीतिक बहस शुरू हो गयी। विधायक शरथ बचेगौड़ा ने अविमुक्तेश्वर मंदिर में विकास और आयोजनों की निगरानी के लिए एक समिति के गठन के प्रस्ताव दिया था। इस समिति में 12 सदस्यों को नियुक्त किया गया, जिनमें एक मुस्लिम नवाज भी शामिल है। इस फैसले का राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विरोध जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य गैर-हिंदुओं को नियुक्त करके मंदिरों और उनकी संपत्तियों पर नियंत्रण स्थापित करना है।

भाजपा ने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि यह फैसला हिंदू हितों को कमजोर करने के व्यापक एजेंडे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें डर है, कर्नाटक के एक मंदिर समिति में जब दूसरे धर्म के व्यक्ति को जगह मिल सकती है तो भविष्य में देशभर के सभी मंदिरों में भी यह चलन शुरू हो सकता है।



# पहला आर्मी सिनर्जिया कॉन्क्लेव बेंगलूरु में हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सदर्न स्टार आर्मी एकेडमिक इंडस्ट्री इंटरफेस (एस2 ए2 आई2) बेंगलूरु 2024 का उद्घाटन दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह ने चोपड़ा ऑडिटोरियम, एएससी कॉलेज और सेंटर में किया। समारोह का आयोजन दक्षिण भारत क्षेत्र द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल केएस बरार के नेतृत्व में किया गया। समारोह में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, अकादमिक और उद्योग जगत के प्रमुख लोग शामिल हुए।

एनएसएबी के अध्यक्ष, राजदूत पीएस राघवन, भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के चांसलर प्रोफेसर बीएन सुरेश ने विशेष भाषण दिया। वहीं, 100 से ज्यादा उद्यमों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। समारोह में रमैया विश्वविद्यालय और क्राइस्ट विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह ने बेंगलूरु में रक्षा विनिर्माण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के विशाल अवसरों पर प्रकाश डाला।

लेफ्टिनेंट जनरल केएस बरार ने सेना की विभिन्न एजेंसियों से जुड़ने के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम पहले चेन्नई, पुणे और हैदराबाद में आयोजित ऐसे कार्यक्रमों के सिलसिले का हिस्सा है। इसी तरह का एक आयोजन मई के आखिरी हफ्ते में कोयंबटूर में भी प्रस्तावित है।

# बेंगलूरु पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर जे पी नड्डा, अमित मालवीय को किया तलब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु पुलिस ने सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय को तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस पोस्ट में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों को किसी खास उम्मीदवार को वोट न देने के लिए कथित रूप से धमकाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक उन्हें (नड्डा एवं मालवीय को) यहां 'हाई ग्राउंड्स' थाने में जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।

बेंगलूरु पुलिस के समन में कहा गया है, ''उक्त मामले की जांच के सिलसिले में, आपको इस नोटिस की प्राप्ति के सात दिनों के भीतर हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने में पूर्वाह्न 11 बजे अधोहस्ताक्षरी जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।'' कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर भाजपा की ओर से पोस्ट किये गए एक वीडियो में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय के सदस्यों को एक विशेष उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लिए डराया-धमकाया गया है।

प्रदेश कांग्रेस ने आदर्श आचार संहिता का कथित रूप से उल्लंघन करने को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ निर्वाचन आयोग से कार्रवाई करने की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने नड्डा, मालवीय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की थी। कांग्रेस ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को दी शिकायत में प्रदेश भाजपा के आधिकारिक अकांउट से चार मई को एक्स' पर साझा किये गये एक वीडियो का उल्लेख किया है। कांग्रेस का आरोप है कि इस अकाउंट का संचालन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के निर्देश पर पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय करते हैं।

कांग्रेस ने अपनी शिकायत में कहा, सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गए उक्त वीडियो में राहुल गांधी और (मुख्यमंत्री) सिद्दरामैया के एनिमेटेड किरदार दिखाए गए हैं। वीडियो क्लिप में एससी, एसटी और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदाय को एक घोंसले में रखे अंडों' के तौर पर दिखाया गया है तथा इसमें राहुल गांधी को मुस्लिम समुदाय नाम से एक बड़ा अंडा रखते हुए भी दिखाया गया है।

कांग्रेस ने कहा , ''इसे इस तरह से प्रदर्शित किया गया है कि जैसे कि मुस्लिम समुदाय को दर्शाने वाले चूज को धन दिया जा रहा हो, जो बाद में एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय को (घोसलें से) बाहर निकाल देता है।''

# मुस्लिम आरक्षण विवाद से जुड़ी कर्नाटक भाजपा की 'एनिमेटेड' क्लिप 'एक्स' से हटाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। सोशल मीडिया मंच एक्स' ने निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण पर विवाद से संबंधित भाजपा की कर्नाटक इकाई द्वारा साझा किया गया एक 'एनिमेटेड' वीडियो हटा दिया है। आयोग ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच को तत्कालवीडियो हटाने का निर्देश दिया। 'एक्स' के नोडल अधिकारी को लिखे एक पत्र में, निर्वाचन आयोग ने वीडियो हटाने के लिए सोशल मीडिया मंच को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की तरफ से जारी निर्देश का पालन न किए जाने पर आपत्ति जताई।

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि 'एक्स' को ताजा निर्देश के बाद उसने अपनी साइट से विवादास्पद वीडियो हटा लिया है। कर्नाटक कांग्रेस ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें भाजपा पर मुस्लिम और एससी/एसटी समुदायों के बीच दुश्मनी व नफरत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया था। शिकायत कर्नाटक भाजपा द्वारा साझा किए गए 'एनिमेटेड' वीडियो से संबंधित है, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया पर व्यंग्य किया गया है।

# मेट्रो के चलते एस्टीम मॉल के पास रात्रि में यातायात प्रतिबंधित

बेंगलूरु। कोडिगेहल्ली-हेब्बाल सर्कल खंड पर बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. द्वारा एयरपोर्ट मेट्रो रेलवे लाइन के काम को लेकर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई है। इस खंड पर मेट्रो खंभों के साथ पटरियों को संरेखित करने का काम किया जाएगा। रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक दासरहल्ली सर्कल से लेकर एस्टीम मॉल के बीच यातायात पूरी तरह से पाबंद रहेगा। इस दौरान वाहन दसरहल्ली मैन रोड से एक्सटेशन रोड और रन्ना रोड, केम्पापुरा मैन रोड होते हुए एस्टीम मॉल पहुंचेंगे।



# पूरे देश में सबसे गर्म बाड़मेर, पारा 45 डिग्री पार

## भट्टी की तरह धधक रहा है प्रदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मई की शुरुआत होते ही गर्म लू के थपेड़े पूरे राजस्थान को अपनी चपेट में ले चुके हैं। बीते 24 घंटों में बाड़मेर पूरे देश का सबसे गर्म इलाका दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री पहुंच चुका है। वहीं प्रदेश के शेष इलाकों में भी पारा 41 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री के बीच ही बना हुआ है। आम दिनों में राजधानी जयपुर की जाम रहने वाली सड़कों पर बीते कुछ दिनों से ट्रैफिक का दबाव बिल्कुल नहीं है। इसकी वजह ट्रैफिक मैनेजमेंट नहीं बल्कि यहां पड़ रही भीषण गर्मी है, जिसने लोगों को घर से बाहर निकलने से रोक रखा है। यही हालात राजस्थान के अन्य इलाकों में हैं।

प्रदेश के अधिकांश जिलों का अधिकतम तापमान 41 से 45 डिग्री के बीच पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 8 से 10 मई तक जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और भरतपुर में हीट वेव चल सकती है।

बुधवार सुबह 7 बजे ही राजधानी जयपुर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री को पार कर गया। झुंझुनू, चूरू, बीकानेर, जोधपुर, दौसा, करौली और जैसलमेर में आज हीट वेव बने रहने की चेतावनी जारी की गई है। बीते 24 घंटों में राजधानी जयपुर का अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2 दिनों में इसमें 2 से 3 डिग्री तक का इजाफा हो सकता है। इसके बाद तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है।

प्रदेश में अधिकतम तापमान :बाड़मेर 45.2, जैसलमेर 44.5, फलौदी 44, चूरू 43.4, जयपुर 44.1, बीकानेर, 43.6, गंगानगर 44.2, धौलपुर 43.8, करौली 43.3, डूंगरपुर 43.7 डिग्री सेल्सियस रहा है।

## एसयूवी ने फुटपाथ पर बैठे दो लोगों को टक्कर मारी, एक की मौत

जयपुर। जयपुर शहर में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार एसयूवी ने फुटपाथ पर बैठे दो लोगों को टक्कर मार दी जिनमें से एक की बाद में मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस थाना (जयपुर दक्षिण) के थानाधिकारी सुभाष चंद ने कहा कि तेज गति वाले वाहन ने त्रिवेणी फ्लाइओवर के पास फुटपाथ पर बैठे दो लोगों को टक्कर मार दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां पप्पू गुर्जर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा, 'काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी थी जिसने उन लोगों को टक्कर मारी, वाहन तथा उसके चालक की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।'

## रेलगाड़ी के पहिए के पास धुआं निकलते देख मचा हड़कंप

जयपुर।राजस्थान के दौसा जिले के भांकरी रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को एक रेलगाड़ी के पहिए के पास 'ब्रेक ब्लॉक' से धुआं निकलने से यात्रियों में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार रेलगाड़ी लखनऊ से साबरमती जा रही थी तभी स्टेशन मास्टर ने सामान्य डिब्बे के नीचे पहियों के पास 'ब्रेक ब्लॉक' से धुआं निकलते देखा। दमकलकर्मियों ने स्थिति पर काबू पाया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि कुछ देर बाद रेल अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। धुएं का पता चलते ही यात्री डिब्बे से बाहर निकल आ गए। हालांकि, कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## गंगानगर में 10 करोड़ रुपए मूल्य की दो किलोग्राम हेरोइन बरामद

जयपुर। राजस्थान पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त कार्रवाई में गंगानगर जिले में दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस मामले में एक नाबालिग सहित तीन लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह मादक पदार्थ ड्रोन के जरिए सीमा पार पाकिस्तानी तस्करों से मंगवाई गई थी। गंगानगर के जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि जिले के करणपुर के पास संगराना मोड़ नहर पुल पर नाकाबंदी कर जब संगराना की तरफ से आई एक कार की तलाशी ली गई तब उसमें दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी । उन्होंने बताया कि कार में सवार मंजीत सिंह (20), निर्मल सिंह (36) तथा एक नाबालिग किशोर को पकड़ लिया गया। यादव ने बताया कि पकड़े गए लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है एवं नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। उनके अनुसार तीनों ने माना कि उन्होंने ही भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन के माध्यम से पाक तस्करों से हेरोइन मंगवायी । उन्होंने कहा कि मामले की जांच केसरीसिंहपुर पुलिस कर रही है।

## लूट-पाट करने वाले पारदी गिरोह पर कड़ी कार्रवाई की मांग

बारां। विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव से मिलकर छबड़ा क्षेत्र में पारदी गिरोह द्वारा की गयी लूटपाट के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पूर्व मंत्री सिंघवी ने कहा कि पारदी गिरोह ने छबड़ा क्षेत्र में आतंक मचा रखा है और लगातार आधा दर्जन से अधिक लूटपाट एवं मारपीट की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन पुलिस के हाथ खाली है पुलिस दोषियों को पकड़ नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात्रि को पारदी गिरोह के एक दर्जन से अधिक अपराधियों ने क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम दिया गया। ग्राम पंचायत कोटरापार के ग्राम बिदनवास में ग्रामीण सीताराम यादव पुत्र हरनाम सिंह के मकान पर धावा बोल कर नगदी एवं जेवर (तीन लाख अनुमानित) लूट लिये। इस दौरान पारदी गिरोह ने सीताराम यादव पर गुलेल से आंख पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसे परिजन उसे कोटा चिकित्सालय में इलाज के लिये पहुंचे। सिंघवी ने पुलिस अधीक्षक बारां सहित उच्च अधिकारियों को मध्य प्रदेश सीमा से जुड़े इस क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।



# डॉ. सुशील भाटी ने एसएमएस अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एसएमएस अस्पताल के वरिष्ठ आचार्य, निश्चेतन डॉ. सुशील भाटी ने बुधवार को एसएमएस अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ.अचल शर्मा ने उन्हें कार्यभार सौंपा और बधाई दी।

इस अवसर पर डॉ. भाटी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह चिकित्सालय में चिकित्सा व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ हों ताकि राज्य एवं राज्य से बाहर से आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हों।

इस अवसर पर एसएमएस अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

# चिकित्सा विभाग का विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सहित अन्य चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से प्रदेशभर में गुरुवार को विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह के निर्देशन में संचालित होने वाले इस अभियान के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, मौसमी बीमारियों, लू-तापघात व गर्मी जनित बीमारियों के प्रबंधन संबंधी तैयारियों का सघन निरीक्षण किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी चिकित्सा संस्थानों का एक साथ निरीक्षण करेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण दिवस एक साथ हैं। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण सेवाओं का सघन निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही, मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर आमजन को जागरूक भी किया जाएगा।

श्रीमती सिंह ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से 27 आकांक्षी ब्लॉक का विशेष निरीक्षण करने के लिए राज्य स्तर से टीमों का गठन किया गया है। मुख्यालय से जाने वाली यह टीमें संबंधित जिले में आंकाक्षी ब्लॉक के साथ ही एक अन्य ब्लॉक का निरीक्षण करेंगी और आगामी कार्य दिवस पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। यह टीमें बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगापुर सिटी, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, जोधपुर ग्रामीण, करौली, कोटपूतली-बहरोड़, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, शाहपुरा, सिरोही, टोंक एवं उदयपुर के 27 आकांक्षी ब्लॉक्स एवं एक अन्य ब्लॉक का निरीक्षण करेंगी।

निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थान के भवन की स्थिति, साफ-सफाई, प्रसूति नियोजन दिवस, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, शिशु टीकाकरण, चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थान की उपलब्धि आदि को देखा जाएगा। इसके आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार सुविधाओं को और बेहतर बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थानों की मौसमी बीमारियों एवं लू व तापघात से निपटने की तैयारियों का भी अवलोकन किया जाएगा।

# राजू ठेहट हत्याकांडः गैंगस्टर रोहित गोदारा समेत 27 के खिलाफ चार्ज तय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान में सीकर के बहुचर्चित राजू ठेहट हत्याकांड मामले में अब कोर्ट ने 29 में से 27 आरोपियों पर चार्ज तय किया है। वारदात को अंजाम देने वाले शूटर्स और साजिश में शामिल अन्य आरोपियों पर सीकर जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोप तय किए है। अब इस केस का ट्रायल शुरू होगा। हालांकि, दो आरोपियों पर चार्जफ्रेम पेंडिंग रखा गया है। उनके खिलाफ 8 मई को चार्ज तय किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीकर में 3 दिसंबर 2022 की सुबह हमलावरों ने गोलियां बरसाकर राजू ठेहट को मौत के घाट उतार दिया था। इस गोलीबारी में ताराचंद की भी मौत हो गई थी। अब 18 महीने बाद कोर्ट ने आरोपियों पर चार्ज तय किए हैं।

राजू ठेहट हत्याकांड में शामिल शूटर मनीष उर्फ बचिया, विक्रम गुर्जर उर्फ विक्रम बामरडा, जतिन वर्मा उर्फ जोनी पहलवान, सतीश कुमार उर्फ पहलवान पर आज चार्ज लगाया गया है। इन्होंने ही फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। इनके अलावा राकेश मीणा, शक्ति सिंह रानोली, जीतू बलोद, दिनेश बारी, धनराज गहलोत, उमेश गहलोत, कमल डेलू बीकानेर, श्रवण खिंदासर, नेमीचंद गुर्जर, मुकेश उर्फ बल्लू, राकेश ओझा, गणेश ओझा, अशोक ईशरवाल, विजयपाल उर्फ फौजी, अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल के तत्कालीन जेल प्रहरी योगेश वर्मा, कुलदीप उर्फ टीकू उर्फ केडी, सरजीत सिंह, गुलजारी उर्फ जीएल, शकील खान, सुदा व सरजीत बिश्नोई पर भी चार्ज लगाया गया है। हत्याकांड में शामिल दो आरोपी नाबालिग हैं।

विशेष लोक अभियोजक राजेंद्र कुमार हुड्डा ने बताया कि राजू ठेहट और ताराचंद हत्याकांड के मामले में वारदात को अंजाम देने वाले पांच शूटर्स सहित 27 आरोपियों पर चार्ज लगाया गया है। आरोपियों पर चार्ज तय होने के बाद अब कोर्ट में इस केस का ट्रायल शुरू होगा। हत्याकांड के मास्टर माइंड रोहित गोदारा, वीरेंद्र चारण, ईश्वर कुमावत सहित अन्य अपराधी अभी भी विदेश में छिपे हुए हैं। उनके खिलाफ पुलिस ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया है।

राजू ठेहट हत्याकांड में मंगलवार को 29 में से 27 आरोपियों पर चार्ज तय किए गए हैं। अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में कार्यरत तत्कालीन जेल प्रहरी वीरेंद्र रावत और सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी सचिन भिवानी दूसरी जेल में बंद हैं। इसलिए आज इन दोनों की पेशी नहीं हो पाई और इनके खिलाफ चार्ज तय नहीं हो पाए हैं। उनके खिलाफ चार्ज तय करने की प्रक्रिया पेंडिंग रखी गई है। अब इन दोनों पर 8 मई को पेशी में चार्ज तय किया जाएगा।

# जोधपुर में लव मैरिज करने पर दामाद की काट दी नाक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में प्रेम विवाह करने से नाराज लड़की के परिजन ने दामाद को बेरहमी से पीटा। कार में बैठाकर 70 किलो मीटर तक पीटते रहे। फिर कार रोककर ससुराल वालों ने मार-मारकर युवक के हाथ-पैर तोड़े। चाकू से युवक की नाक भी काटी। लहूलुहान हालत में युवक को पीपल के पेड़ के नीचे फेंक कर चले गए। लड़की को अपने साथ ले गए। घटना के बाद परिजन पहुंचे और घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस को सूचना दी। युवक के साथ की गई बर्बरता की यह घटना जोधपुर के झंवर थाना इलाके की है। पाली के ट्रांसपोर्ट नगर थाने में युवक के भाई ने मामला दर्ज करवाया है।पुलिस के मुताबिक, जोधपुर के झंवर गांव निवासी चेलाराम टांक (23) पुत्र भंवरलाल ने मार्च 2024 में अपने ही गांव की लड़की से कोर्ट मैरिज की थी। झंवर थाने में 30 मार्च को लड़की के परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जयपुर पुलिस ने दोनों को पकड़ा तो पुलिस के सामने दोनों ने स्वीकारा कि उन्होंने कोर्ट मैरिज कर ली है। दोनों बालिग थे, इसलिए पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया।*

*चेलाराम ने पाली की इंद्रा कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर पत्नी के साथ रहने लगा। उसका भाई सूजाराम भी वहीं पास में किराए के मकान में रहता है। लड़की के परिजनों को भनक लगी कि चेलाराम पाली की इंद्रा कॉलोनी में रह रहा है। लड़की के 5-7 परिजन गुरुवार को झंवर से कार लेकर चेलाराम के घर पाली पहुंचे। चेलाराम और उसकी पत्नी से कहा कि अब कोई गिला-शिकवा नहीं है। शादी हो गई, अब कैसा बैर्। विश्वास दिलाया कि परिवार दोनों को अपनाना चाहता है। दोनों को झंवर चलने के लिए तैयार कर लिया।*

*घर से चेलाराम और उसकी पत्नी को लेकर दोनों युवक इंद्रा कॉलोनी से निकले और दूर खड़ी कार में बैठा लिया। कार में पहले से 3-4 लोग थे। पाली-जोधपुर हाईवे पर युवकों ने गाड़ी में चेलाराम से मारपीट शुरू दी। पाली से झंवर (जोधपुर) की दूरी 70 किमी है। रात 11 बजे झंवर पहुंचने तक परिवार वाले चेलाराम को मारते-पीटते रहे। झंवर पहुंचने के बाद एक जगह कार रोककर चेलाराम के हाथ-पैर तोड़े। पीपल के पेड़ के नीचे चाकू से युवक की नाक काटी और लहूलुहान हालत में चेलाराम वहीं पटक गए। लड़की को अपने साथ ले गए। सूचना पर परिजन पहुंचे और चेलाराम को जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। चेलाराम की हालत गंभीर है। चेलाराम के भाई सूजाराम की शिकायत पर पाली की ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पाली की इंद्रा कॉलोनी के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले।*

# कृष्ण बलराम मंदिर के 12वें पाटोत्सव में पांच दिन के विशाल महोत्सव का होगा आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जगतपुरा के श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में इन दिनों आध्यात्म की लहर दौड़ रही है, सभी भक्त और श्रद्धालु बहुत ही उत्साहित हैं क्योंकि मंदिर में पांच दिन के विशाल महोत्सव का आयोजन होने वाला है। 10 मई से 14 मई को मंदिर का 12वां पाटोत्सव मनाया जाएगा जिसकी तैयारियां पूरे जोर शोर से चल रही है। इन पांच दिनों में मंदिर में कई विशेष आयोजन होंगे जिनमे भक्त महाभिषेक कीर्तन, पालकी, भजन संध्या आदि का आनंद लेंगे।

पाटोत्सव का अर्थ है भगवान की प्रतिमा प्रतिष्ठा का महोत्सव, श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर के पांच दिवसीय 'पाटोत्सव' के पहले दिन सुदर्शन पूजा, महा आरती और सुदर्शन हवन होगा। दूसरे दिन 11 मई को जगतपुरा फ्लाई ओवर से श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर तक विशाल रथ यात्रा का आयोजन होगा,जिसमे पूरे जयपुर से हज़ारों भक्त भाग लेंगे और भगवान की भक्ति करने का आनंद लेंगे।

12 मई को मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमे शिशुपाल वध नाटक का मंचन होगा साथ ही श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर का पालकी उत्सव होगा। 13 मई 'पाटोत्सव' के चौथे दिन सांस्कृतिक संध्या में अक्षय पात्र के चेयरमैन, पद्मश्री मधु पंडित दास का व्याख्यान होगा साथ ही कुमारी आकांशा राव और राजेश शर्मा के द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें भक्त भाव विभोर होकर भगवान की भक्ति रस धारा का पान करेंगे। 14 मई 'पाटोत्सव' के अंतिम दिन महाआरती होगी और पालकी उत्सव के साथ श्री श्री कृष्ण बलराम का महाभिषेक होगा। भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद लेकर आएगा। पांच दिवसीय पाटोत्सव में तरह तरह के विशेष आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिनके द्वारा भक्त सीधा भगवान से जुड़ सकेंगे। उन्होंने मंदिर के 12वे पाटोत्सव पर सभी भक्तो को हार्दिक बधाई दी और साथ ही बड़ी संख्या में जुड़कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।




# सूर्यनगरी में तप रहा सूरज, सड़कों पर की गई पानी की बौछार, स्कूलों का समय बदला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। सूर्यनगरी में गर्मी अपने पूरे तेवर दिखा रही है। बुधवार को दोपहर एक बजे पारा 43 डिग्री पहुंच गया है। ऐसे में शहर की सड़कों पर खड़ा रहना भी लोगों के लिए मुश्किल हो गया। ऐसे में राहत के लिए नगर निगम की ओर से कई इलाकों की सड़कों पर पानी की बौछारें की गई हैं। ताकि गर्मी को थोड़ा कम किया जा सके।

हालांकि, जिले के सभी हिस्सों में गर्मी के हालात इसी तरह के नजर आ रहे हैं। वहीं, गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बुधवार को उच्च प्राथमिक तक के स्कूलों का समय 11 बजे तक कर दिया है। बुधवार को जिले में तापमान की बात करें तो सुबह आठ बजे ही जोधपुर शहर का तापमान 35 डिग्री पहुंचा। इसके बाद धीरे-धीरे दोपहर 12 बजे के बाद यह पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के साइट की माने तो गुरुवार तक यह पारा जिले में 44 डिग्री तक रहने वाला है और हीट वेव को लेकर अलर्ट भी किया गया है।

# 12 साल बाद खुला मुनीम की हत्या का राज, आरोपी गिरफ्तार, नक्सलियों से था संबंध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। जोधपुर के फलोदी थाना क्षेत्र में करीब 12 साल पहले सोनामुखी की फैक्ट्री के मुनीम की हत्या कर डेढ़ लाख की नकदी लूटकर भागे तीन आरोपियों को जोधपुर रेंज पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मिशन को ऑपरेशन ललनटॉप का नाम दिया। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस के अपराधियों तक पहुंचने पर उनके साथ चुनाव चर्चा में फलोदी के सट्टा बाजार और बालों में लगाने के लिए सोजत की मेहंदी पर विशेष जानकारी आरोपियों को होने पर हत्याकांड का खुलासा हुआ।

जोधपुर रेंज के आईजी विकास कुमार ने बताया, फलोदी थाने के खींचन कस्बे में स्थित सोनामुखी फैक्ट्री में बतौर श्रमिक लगे तीन श्रमिक लालदेव, उदय और नरेश ने फैक्ट्री के ही मुनीम कोजाराम को शराब के नशे में गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके पास रखी डेढ़ लाख की तकनीक थी और न ही सीसीटीवी कैमरे थे, जिसके चलते वारदात को अंजाम देकर फरार हुए मुल्जिमों के नाम पते और फोटो भी उपलब्ध नहीं थे। पुलिस ने करीब बारह साल पूर्व घटित इस हत्या और लूट की वारदात को खोलने के लिए तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ 40-40 हजार के इनाम भी रखे थे। काफी समय तक पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बिहार, आंध्र प्रदेश और पंजाब तक तलाश की।

प्रारंभिक जांच पड़ताल में आरोपियों के नक्सलियों से संबंध भी उजागर हुए और नक्सलियों के लिए वसूली, हत्या, हत्या प्रयास, डरा धमकाकर वसूली करने के भी मुकदमे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वर्तमान समय में सोशल नेटवर्किंग, आरोपियों के परिवार तक पहुंचने के लिए पुलिसकर्मियों को अपनी वेषभूषा व कार्यप्रणाली भी बदली पड़ी।

# संपत्ति विवाद में एक व्यक्ति ने माता-पिता की हत्या की

कोटा/दक्षिण भारत । राजस्थान के बारां शहर में पेंशन और संपत्ति विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना मंगलवार रात नकोडा कॉलोनी में हुई जब आरोपी गगेंद्र गौतम (50) और उसके माता-पिता के बीच संपत्ति को लेकर कहासुनी हुई। वृत्त निरीक्षक (सीआई) राम विलास मीणा ने कहा कि पेंशन के पैसे और संपत्ति को लेकर बहस बढ़ने के बाद गौतम ने माता-पिता के साथ कथित तौर पर मार-पीट की और उनके सिर दीवार पर दे मारे। उन्होंने कहा कि बाद में गौतम ने धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पूर्व ग्राम पंचायत सचिव प्रेमबिहारी गौतम (75) और उनकी पत्नी देवकी बाई (72) के रूप में हुई है। गौतम के छोटे भाई की शिकायत के आधार पर गौतम, उसकी पत्नी और उनके बच्चों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मीणा ने कहा कि उन्होंने पाया कि गौतम की पत्नी और बच्चे पहले ही घर छोड़ चुके थे। उन्होंने कहा कि गौतम को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है जबकि उसकी पत्नी और बच्चों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# अकबरपुर का नाम लेने में भी संकोच होता है, गुलामी के निशान को समाप्त करेंगे : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कानपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां का नाम ही ऐसा है कि बार-बार बोलने में संकोच लगता है और अब ये सब बदल जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन चरण के चुनाव संपन्न होने के साथ ही देश की आधी लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुके हैं और पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है, फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। योगी ने बुधवार को यहां घाटमपुर स्थित पतारा रेलवे स्टेशन मैदान में आयोजित अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा, अकबरपुर का नाम ही ऐसा है कि बार बार बोलने में संकोच लगता है। ये सब बदल जाएगा। हमें गुलामी के निशानों को समाप्त और विरासत का सम्मान करना है। इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा के साथ जोड़ना है। इसके लिए जो अभियान देश में शुरू हुआ है, उसमें हमें भी एक वोट के साथ सहभागी बनना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सनातन सत्य है कि रामद्रोहियों का पतन हमेशा हुआ है और 2024 का लोकसभा चुनाव इस शाश्वत सत्य की पुष्टि करने वाला है। उन्होंने कहा, ये केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में देश को नए और आत्मनिर्भर भारत के रूप में स्थापित किया जा रहा है, दूसरी तरफ रामद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नामपर लड़ाने का काम कर रहे हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों को अल्पसंख्यकों को देने की साजिश रची जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे बात निशुल्क राशन की हो या मुफ्त उपचार की, बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई और शादी की व्यवस्था की हो या फिर बेटी और व्यापारी को सुरक्षा देने का कार्य आपका एक वोट नए भारत का दर्शन करा रहा है। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के परिसर में छापेमारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को धनशोधन जांच के तहत रांची में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के परिसर में छापा मारा। इस मामले में ईडी ने हाल में भारी मात्रा में नकदी जब्त की थी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर की जा रही है।

दोनों को केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। ईडी ने छह मई को की गई तलाशी के दौरान जहांगीर आलम के परिसर से 30 करोड़ रुपए से अधिक नकदी जब्त करने का दावा किया।

ईडी ने मंगलवार को यहां एक अदालत के समक्ष दावा किया था कि लाल (52) ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से ''कमीशन'' एकत्र किया। ईडी ने यह भी कहा था कि ग्रामीण विकास विभाग के ''ऊपर से नीचे'' तक के सरकारी अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान में संलिप्त हैं। ईडी ने दावा किया कि मामले में ''वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं'' के नाम सामने आए हैं और इसकी जांच की जा रही है।



## भाजपा नीत राजग सरकार की संविधान बदलने की कोशिश को नाकाम करेंगे : तेजस्वी यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/गढ़वा/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर संविधान बदलने और एससी, एसटी तथा ओबीसी श्रेणियों का ''आरक्षण छीनने'' की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी ऐसे किसी भी प्रयास को नाकाम कर देगी। यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडि' की प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में पलामू के छतरपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाला राजग भारत के संविधान को बदलना चाहता है लेकिन मैं वादा करता हूं कि कोई भी हमारे संविधान को नहीं बदल सकता और आपका आरक्षण नहीं छीन सकता। हम ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी पिछले 10 सालों में झूठ फैलाते रहे और उन्होंने महंगाई रोकने, नौकरियां मुहैया कराने और काले धन को खत्म करने जैसे अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। राजद नेता ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मोदी झूठ के निर्माता, वितरक और थोक व्यापारी हैं। उन्होंने एलआईसी, बंदरगाह, हवाई अड्डे और देश की संपत्ति बेच दी।

यादव ने दावा किया, प्रधानमंत्री मोदी ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उल्टे भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने विपक्षी दलों के ऐसे नेताओं के पीछे ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को लगा दिया, जो लोगों की आवाज उठा रहे हैं और उनके अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं।

## कांग्रेस हमेशा देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटती रही है: ईरानी



**अमेठी (उप्र)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी के नेता सैम पित्रोदा की उस टिप्पणी पर हमला बोला, जिसमें उन्होंने कहा कि ''पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण के लोग अफ्रीका जैसे दिखते हैं। स्मृति ने कहा कि वह (कांग्रेस) हमेशा देश को धर्म एवं जाति के नाम पर बांटती रही है।

भाजपा नेता ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, आज पता चला है कि उनका एक और घिनौना सच सामने आया है, कि इस देश में कौन किस रंग का है कौन किस भू भाग का है। यह पार्टी (कांग्रेस) उस आधार पर हमारे देशवासियों को बांटने और उनका अपमान करने का दुस्साहस करती है। स्मृति ने कहा कि आज कांग्रेस नेता के मुख से जो शब्द प्रस्तुत हुए हैं वह अपने आप न सिर्फ निंदनीय है बल्कि वह कहीं ना कहीं राहुल गांधी और गांधी परिवार की हमारे राष्ट्र के प्रति सोच को दर्शाता है। पित्रोदा ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित इस साक्षात्कार में कहा, हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं।

## पाक का एजेंडा बढ़ाने वाले राहुल को रायबरेली से हारने के बाद इटली में बस जाना चाहिए : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखीमपुर खीरी/हरदोई/कन्नौज (उप्र)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता रायबरेली में हार जाएंगे जिसके बाद उन्हें इटली में बस जाना चाहिए, जो उनके लिए एकमात्र जगह बची है। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का जिक्र करते हुए शाह ने कहा, राहुल बाबा (राहुल गांधी) कहते हैं, अखिलेश कहते हैं कि हम सीएए को हटा देंगे। अरे राहुल बाबा आप तो क्या आपकी नानी भी ऊपर से वापस आ जाए, तो सीएए को नहीं हटा पाएगी।

शाह ने कहा कि पाकिस्तान से भारत में आए हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन लोगों को नागरिकता देने का कानून (प्रधानमेंत्री नरेन्द्र) मोदी जी हाल ही में लेकर आए हैं। इसके साथ ही शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद देश में अगर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडि) की सरकार बनी तो अयोध्या के राम मंदिर पर 'बाबरी' नाम का ताला लगा दिया जाएगा। शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर पाकिस्तान के एजेंडा को आगे बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह पड़ोसी मुल्क राहुल का समर्थन कर रहा है। उन्होंने खीरी सीट से भाजपा उम्मीदवार अजय मिश्रा 'टेनी' के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव के एक बयान का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा, रामगोपाल यादव राम मंदिर को बेकार बताते हैं। मेरी बात याद रखना जरा भी गलती की तो ये लोग राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे।

सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव ने एक निजी समाचार चैनल से बातचीत में एक अयोध्या में राम मंदिर के बारे में पूछे गए एक सवाल पर इसके वास्तु और नक्शे की आलोचना करते हुए कहा था, वो मंदिर बेकार का है... क्या मंदिर ऐसे बनाए जाते हैं। पुराने मंदिर देखें...वे इस तरह नहीं बनाए गए, दक्षिण से उत्तर के मंदिरों को देखें। मंदिर का नक्शा उचित नहीं है और 'वास्तु' के अनुरूप नहीं है।

शाह ने कांग्रेस पर राम मंदिर के मुद्दे को 70 साल से लटकाकर धोखा देने का आरोप लगाते हुए दावा किया, (नरेन्द्र) मोदी जी को आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। उन्होंने पांच साल में केस (मुकदमा) भी जीता। भूमि पूजन किया और (रामलाल की) प्राण प्रतिष्ठा भी की।

## ईमानदारी से चुनाव हुए तो भाजपा का सत्ता में आना मुश्किल : मायावती



**हरदोई (उप्र)/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि देश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होने पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का फिर से सत्ता में आना मुश्किल होगा। मायावती ने यहां एक चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कहा, लंबे समय तक केंद्र और देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन उसकी गलत नीतियों के कारण उसे सत्ता से बेदखल होना पड़ा।

उन्होने कहा, पिछले कुछ वर्षों से भाजपा और उसके सहयोगी दल केंद्र एवं कई राज्यों की सत्ता पर काबिज हैं लेकिन उनकी भी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक तथा द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी तथा करनी में अंतर की वजह से अब ऐसा लगता है कि इस बार भाजपा की केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है। बशर्ते, अगर यह चुनाव इस बार स्वतंत्र और निष्पक्ष होता है तथा आम चर्चा के मुताबिक वोटिंग मशीनों की कोई गड़बड़ी नहीं की जाती है। उन्होंने कहा, इस बार भाजपा की नाटकबाजी और जुमलेबाजी नहीं चलने वाली है क्योंकि अब देश की जनता काफी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि भाजपा ने जो वादे किए थे, और हवाहवाई गारंटी दी थी उसका एक चौथाई भी काम नहीं किया है।

मायावती ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, अब ऐसा लगता है कि कांग्रेस की तरह ही भाजपा ने भी केंद्र की तमाम सरकारी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। इसके अलावा देश का किसान वर्ग भी वर्तमान भाजपा सरकार के शासन में शुरू से ही अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर काफी दुखी और परेशान रहा है।

उन्होंने कहा, पूरे देश में दलितों, आदिवासियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों का सरकारी नौकरियों में बरसों से आरक्षण का कोटा अधूरा पड़ा है। निजीकरण की नीति की वजह से देश में इन वर्गों को बहुत कम ही आरक्षण का लाभ मिल पा रहा है।

## लोकसभा चुनाव 'संविधान मंथन' है, एक तरफ रक्षक है तो दूसरी तरफ भक्षक : अखिलेश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शाहजहांपुर/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है जिसमें एक तरफ संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ उसके भक्षक।

यादव ने यहां एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के अभी तक हुए तीन चरणों में जनता ने सपा और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडि) गठबंधन को जोरदार समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण से भाजपा के खिलाफ जो हवा चली थी उसने इस पार्टी को पलट दिया और जो 'झूठ के शहंशाह' हैं, उनके खिलाफ मतदान करकरके उनका सफाया करने का काम किया। उन्होंने कहा, मौजूदा लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है जिसमें एक तरफ संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ उसके भक्षक हैं। यह चुनाव देश के संविधान, लोकतंत्र और गरीबों, वंचितों का आरक्षण बचाने का चुनाव है।

यादव ने कहा कि जनता के लिए अब भाजपा से हिसाब करने का वक्त आ गया है। पिछले 10 साल का हिसाबकिताब निकालें तो भाजपा के लोगों की हर बात झूठी निकलेगी। चाहे वह किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात हो, हर साल दो करोड़ रोजगार देने की बात हो या फिर महंगाई कम करने की बात हो। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा में खेती से जुड़े तीन काले कानून पारित करवा लिए। इसके खिलाफ जब किसान आंदोलित हुए तो उन्हें रोकने के लिए सरकार ने दीवारें खड़ी कीं और सड़कों पर कीलें ठोंक दी। हालांकि बाद में सरकार ने वे कानून वापस ले लिए लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की लड़ाई अधूरी है। किसानों को अब भी अपनी पैदावार की कीमत नहीं मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा, जो लोग विश्व गुरु बनना चाहते हैं, हम उनसे कहना चाहते हैं कि जब तक हमारे किसानों की आय नहीं बढ़ेगी, उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक ना तो हमारा किसान खुशहाल हो पाएगा और ना ही हमारा देश विकसित बन पाएगा।



## रूपाला ने क्षत्रिय समाज पर की गई टिप्पणी को लेकर एक बार फिर मांगी माफी


**राजकोट (गुजरात)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और राजकोट लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार परषोत्तम रूपाला ने पूर्ववर्ती राजपूत शासकों पर अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए बुधवार को क्षत्रिय समुदाय से माफी मांगी। मामले में वह इससे पहले भी समुदाय से माफी मांग चुके हैं। उन्होंने इस विवाद को अपने सार्वजनिक जीवन का सबसे कठिन समय बताया। यह माफी गुजरात में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद आई है।

रूपाला ने कहा कि वह अपनी टिप्पणी के कारण अपने सार्वजनिक जीवन के सबसे कठिन समय से गुजरे हैं और उन्होंने क्षत्रियों से उदारता दिखाने और उन्हें माफ करने का आग्रह किया।

भाजपा नेता ने कहा, यह मेरी गलती थी और जो कुछ भी हुआ उसके लिए मैं पूरी तरह से जिम्मेदार था, लेकिन मेरी पूरी पार्टी इस विवाद में फंस गई। यह मेरे लिए बहुत दुखद है क्योंकि पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मेरी वजह से परेशानी हुई।

## 'क्लाउड सीडिंग, इंद्रदेव पर निर्भरता जंगल की आग से निपटने का निदान नहीं : उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि 'क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्रदेव पर निर्भरता' उत्तराखंड में जंगल में आग की बढ़ती घटनाओं का निदान नहीं है और अधिकारियों को इस समस्या से निपटने के लिए एहतियाती उपाय करने होंगे।

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में जंगल की भीषण आग पर काबू पाने के लिए उठाए गए कदमों से न्यायालय को अवगत कराते हुए कहा कि आग की घटना के कारण राज्य का केवल 0.1 प्रतिशत वन्यजीव क्षेत्र प्रभावित हुआ है। राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि पिछले साल नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुई हैं और इनमें पांच लोगों की मौत हुई है।

उत्तराखंड के उपमहाधिवक्ता जतिन्दर कुमार सेठी ने पीठ को बताया कि सभी घटनाएं 'मानव-निर्मित' थीं। उन्होंने कहा कि जंगल की आग के संबंध में 388 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और उनमें 60 लोगों को नामजद किया गया है। उन्होंने कहा, लोग कहते हैं कि उत्तराखंड का 40 प्रतिशत हिस्सा आग से जल रहा है, जबकि इस पहाड़ी राज्य में वन्यजीव क्षेत्र का केवल 0.1 प्रतिशत हिस्सा ही आग की चपेट में है। और ये सभी मानव-निर्मित थे। नवम्बर से लेकर आज तक जंगल में आग की 398 घटनाएं हुई हैं, सभी मानव-निर्मित। उपमहाधिवक्ता ने पीठ के समक्ष अंतरिम स्थिति रिपोर्ट भी रखी, जिसमें जंगल की आग से निपटने के लिए अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों का ब्योरा भी समाहित था।

## भाजपा की चुनाव के बाद बीजद को तोड़ने की साजिश है : पांडियन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** बीजू जनता दल (बीजद) के नेता और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी सहायक वी के पांडियन ने बुधवार को आरोप लगाया कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत के लिए नहीं, बल्कि चुनाव के बाद बीजद को तोड़ने के इरादे से अपनी सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए ओडिशा में चुनाव लड़ रही है।

नौकरशाह से नेता बने पांडियन ने बुधवार को गंजाम जिले के गोपालपुर में टेलीविजन चैनल के पत्रकारों के एक समूह से मुलाकात के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने पत्रकारों से कहा, उन्होंने (भाजपा) 2014 में 120 विधानसभा सीटें जीतने का नारा दिया था लेकिन नाकाम हो गए थे। मुझे 2019 के लिए उनका लक्ष्य नहीं पता था। लेकिन 2024 के लिए वे 50/60 सीटें जीतने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और उनका उद्देश्य चुनाव के बाद बीजद को तोड़ना है। यह उनकी चुनावी रणनीति है। पांडियन ने दावा किया कि भाजपा ओडिशा में सरकार बनाने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है।

उन्होंने कहा, मैं खुलकर कहता हूं कि यह (बीजद को तोड़ना) उनकी अंदरूनी रणनीति है जैसा कि उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में किया है।

## लारा ने आईसीसी से टेस्ट क्रिकेट को बचाने की अपील की



**नई दिल्ली/भाषा।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने स्वीकार किया कि टी20 लीग ने टेस्ट क्रिकेट की काफी जगह ले ली और उन्होंने आईसीसी से अपील की कि वह लगातार बढ़ रहे फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट के लिए एक ढांचा तैयार करने के लिए कदम उठाए। टेस्ट की प्रासंगिकता पर उठे इन सवालों का हालिया उदाहरण द. अफ्रीका का न्यूजीलैंड दौरे पर कमजोर टीम भेजना रहा। इसमें अहम खिलाड़ियों को घरेलू सरजमीं पर हुई एसए20 लीग में खेलने के कारण न्यूजीलैंड दौरे पर नहीं भेजा गया था। लारा ने कहा, मुझे लगता है कि आईसीसी को फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिए एक तरीका ढूंढना चाहिए लेकिन जो बहुत ही संरचित तरीके से हो। यह ऐसा नहीं हो जैसा अभी चल रहा है।

# तथ्यों के आधार पर नहीं बोल रहे मोदी : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायबरेली/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि देश के लोग बदलाव चाहते हैं और वे ''झूठ'' से तंग आ चुके हैं। इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले कुछ समय से अपने भाषणों में अपनी कल्पना का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं और वह तथ्यों के आधार पर नहीं बोल रहे हैं।

प्रियंका गांधी की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के इस दावे के एक दिन बाद आई है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह राम मंदिर पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को ठीक उसी तरह पलट देगी जिस प्रकार राजीव गांधी सरकार ने शाहबानो मामले में 1985 के ऐतिहासिक फैसले को पार्टी की तुष्टीकरण की राजनीति के तहत पलट दिया था।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली क्षेत्र में प्रचार अभियान के दौरान पीटीआई-भाषा के साथ एक विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी को बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की परेशानी के मुद्दों पर बोलने की चुनौती दी। प्रियंका गांधी के भाई राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

सात चरण के चुनाव में तीन दौर समाप्त होने के बाद जमीनी स्थिति के आकलन के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने कहा, मेरा आकलन है कि लोग बदलाव चाहते हैं। मैं जहां भी जाती हूं, मुझे प्रतीत होता है कि लोग अब झूठ से तंग आ चुके हैं। वे मीडिया और राजनीतिक मंचों पर होने वाली चर्चा के स्तर से आजिज आ गए हैं। प्रियंका गांधी ने कहा, लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं पर चर्चा हो, वे समाधान चाहते हैं, वे जानना चाहते हैं कि सरकार ने बेरोजगारी दूर करने के लिए क्या किया है?, महंगाई पर काबू के लिए क्या किया है? जो इतनी ऊंची हैं। किसान एवं मजदूरों की मदद के लिए वह वास्तव में क्या कर रही है?'' राजग के लिए '400 पार' और भाजपा के लिए '370 पार' के सत्तारूढ़ दल के दावों पर कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सीटों की संख्या के संबंध में उनका अनुमान अब कम हो रहा है। कांग्रेस नेता ने अपनी नुक्कड़ सभाओं के बीच पीटीआई-भाषा से बातचीत में अनुमान जताया कि आने वाले चरणों में, सीटों की संख्या के बारे में उनके दावे और कम हो जाएंगे।

चुनावी सभाओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उठाए गए मुद्दों के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री को बेरोजगारी का मुद्दा उठाने की चुनौती देती हूं, जो 45 साल में सबसे गंभीर है। मैं प्रधानमंत्री को चुनौती देती हूं कि वह हमें बताएं कि भाजपा ने कौन-कौन सी संस्थाएं बनाई हैं, मैं प्रधानमंत्री को ऐसी एक भी योजना का नाम बताने की चुनौती देती हूं, जिसे वास्तव में उन्होंने स्वयं शुरू किया हो और वह ऐसी योजना नहीं हो जिसे कांग्रेस ने शुरू किया था और उन्होंने उसका नाम बदल दिया।

## भोजपुरी को तुरंत आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए : दीपांकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** विपक्षी दलो के गठबंधन 'इंडि' में शामिल भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की अपनी लंबे समय से लंबित मांग को पुनर्जीवित करेगी ताकि इसे राजभाषा का दर्जा मिल सके।

भट्टाचार्य ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा, भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर चुप्पी क्यों साधे हुए है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में लोकप्रिय यह भाषा बिहार के भोजपुर, रोहतास, कैमूर, बक्सर, सारण, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, जहानाबाद और पडोसी राज्य झारखंड के कई हिस्सों में बोली जाती है।

उन्होंने कहा, हम केंद्र से मांग करते हैं कि भोजपुरी को तुरंत आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया जाए। भाकपा माले बिहार में तीन सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है।

तराई विधानसभा सीट से पार्टी के मौजूदा विधायक सुदामा प्रसाद आरा लोकसभा सीट से पार्टी के पूर्व विधायक राजाराम सिंह काराकाट से और पालीगंज से पार्टी के मौजूदा विधायक संदीप सौरव नालंदा लोकसभा सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार हैं। प्रदेश की दो लोकसभा सीटों - आरा एवं काराकाट - में भोजपुरी भाषी मतदाताओं की तादाद बहुत अधिक है।

## सुविचार

**जीवन का एक महत्वपूर्ण सत्य, गलत होकर खुद को सही साबित करना, उतना मुश्किल नहीं, जितना सही होकर सही साबित करना है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# विविधता की जड़ें

खुद को दूरसंचार के क्षेत्र का आविष्कारक, उद्यमी, विकास विचारक, नीति-निर्माता और लेखक बताने वाले सैम पित्रोदा को अचानक क्या सूझी कि वे भारत की विविधता बताते-बताते लोगों का संबंध चीनियों, अरबों, गोरों और अफ़्रीकियों से जोड़ बैठे? उन्हें पता नहीं था कि 'समानता स्थापित' करने की ऐसी कोशिश क्या रंग लाएगी? पित्रोदा की चौतरफा आलोचना हुई, जो कि होनी ही थी। कांग्रेस ने भी उनके बयान से पल्ला झाड़ लिया था। जब वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 'सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वे अत्यंत ग़लत व अस्वीकार्य हैं ... भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है', तो ऐसे कयास लगाए जाने लगे थे कि अब पित्रोदा की कुर्सी संकट में पड़ने वाली है। आखिर में उन्हें इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा, जिसे कांग्रेस अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। चुनावी मौसम में पित्रोदा अपने बयानों से पार्टी की काफी किरकिरी करवा चुके हैं। अगर वे आखिरी चरण के मतदान तक इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष बने रहते तो पार्टी को और मुसीबत में डालते। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष ने इस्तीफा स्वीकार करने में देर नहीं लगाई! पहले मणिशंकर अय्यर ऐसे बयान देते थे, जो पलटकर कांग्रेस को ही घायल करते थे। उनसे पहले दिग्विजय सिंह ऐसे 'शब्दबाण' छोड़ने के लिए मशहूर थे। अब ये दोनों नेता तो कहीं-न-कहीं चुप्पी साधने का अभ्यास करते दिख रहे हैं, लेकिन उनकी कमी पित्रोदा ने पूरी कर दी। वे भारत की विविधता का वर्णन करना चाहते थे तो इसके हजारों तरीके थे। उन्हें चीनियों, अरबों, गोरों और अफ़्रीकियों से ऐसा संबंध जोड़ने की क्या जरूरत थी?

पित्रोदा यह कह सकते थे कि 'दुनिया के सभी इन्सानों का खून एक जैसा है, सुख-दु:ख में सभी एक जैसा महसूस करते हैं, हमारे सामने कई चुनौतियां भी एक जैसी हैं, जिनमें पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जल संकट, बेरोजगारी आदि प्रमुख हैं ... हम सामूहिक प्रयासों से धरती को और बेहतर जगह बना सकते हैं ...' लेकिन वे चीनियों, अरबों, गोरों और अफ़्रीकियों तक चले गए! क्या पित्रोदा को नहीं मालूम था कि उनके इस बयान पर लोग किस तरह प्रतिक्रिया देंगे? भारतीय ऋषियों-मुनियों की संतानें हैं। भले ही उन्होंने कालांतर में किसी कारणवश अपनी पूजन-पद्धति बदल ली। आज भी ऐसे कई खानदान हैं, जिन्होंने अपनी पूजन-पद्धति तो बदली, लेकिन अपनी 'असल' पहचान को कायम रखा। वे वही उपनाम लगाते हैं, जो उनके पूर्वज लगाया करते थे। जिस देश में लोग अपने कुल और पहचान के चिह्नों को लेकर इतने सजग हों, वहां एक वरिष्ठ नेता उनका संबंध चीनियों, अरबों, गोरों और अफ़्रीकियों से बताएं तो उनके इस बयान को सख्त नापसंद ही किया जाएगा। एक सामान्य विद्यार्थी, जिसे इतिहास की बहुत गहरी समझ न हो, वह भी इस तथ्य से भलीभांति परिचित होगा कि चीन, अरब और यूरोपीय देशों की ओर से भारत पर आक्रमण हुए थे। उन्होंने भारतवासियों का लहू बहाया था। भारतीय अपनी पहचान उन विदेशी आक्रांताओं से नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक देवजी और अनेक संतों-महापुरुषों से जोड़कर देखते हैं। उनके लिए चीनी आक्रांता थे, अरब आक्रांता थे। यूरोपीय आक्रांताओं से निजात पाए तो कुछ ही दशक हुए हैं। इसके बावजूद इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष ऐसे बयान देंगे तो उनकी पार्टी के लिए स्थिति को संभालना सहज नहीं होगा। पित्रोदा को 'विरासत टैक्स' संबंधी बयान देने के बाद ही तौबा कर लेनी चाहिए थी, लेकिन वे विविधता की जड़ें तलाशते-तलाशते पार्टी की जड़ें ही हिला बैठे!

## ट्वीटर टॉक



आज तेलंगाना प्रवास के दौरान प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों व व्यवसायी बंधुओं के साथ आयोजित बैठक में चर्चा की व प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का आग्रह किया। इस दौरान भाजपा तेलंगाना प्रदेश संगठन महामंत्री श्री चन्द्रशेखर जी उपस्थित रहे।

**-भजनलाल शर्मा**



नहीं सहेगा राजस्थान के नारे से जनता को गुमराह करने वाली भाजपा के राज में राजस्थान में ये क्या हो रहा है? ऐसी घटनाएं प्रदेश को कलंकित करने वाली हैं। ऐसा लग रहा है जैसे अपराधियों में कानून का भय ही समाप्त हो गया है।

**-अशोक गहलोत**



आज कटक लोक सभा एवं आगामी विधानसभा चुनाव हेतु कटक महानगर के प्रबुद्ध सामाजिक लोगों संग चर्चा की। उड़ीसा इस बार केंद्र में पुन: मोदी जी और राज्य में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# अनमोल कला

एक अमेरिकी करोड़पति ने पिकासो को अपनी तस्वीर बनाने को दी। वह करोड़पति इस बीच बार-बार पूछता रहा कि तस्वीर बनी कि नहीं। पिकासो खबर भिजवाता कि थोड़ा धैर्य रखिये। दो वर्ष के बाद पिकासो ने खबर भिजवाई कि अपना चित्र ले जाएं। करोड़पति ने पूछा, 'इसका दाम?' पिकासो ने कहा, पांच हज़ार डॉलर! करोड़पति चौंक उठा बोला, 'क्या? पांच हज़ार! थोड़ा-सा कैनवास और थोड़े से रंग और इसके दाम पांच हज़ार डॉलर? पांच-दस डॉलर में ये सारे सामान बाजार में मिल जायेंगे!' पिकासो ने अपने सहयोगी को कहा कि जाओ भीतर इससे बड़ा कैनवास और रंगों की ट्यूब लेकर आओ और इन्हें दे दें। ये जितना भी दाम देते हों, ले ले। उसने ऐसा ही किया सारा सामान उस करोड़पति के सामने रख दिया और कहा ये रहा आपका पोर्ट्रेट अब आपकी जो मर्जी दस-पांच डॉलर दे जाएं और यह सब लेते जाएं। करोड़पति घबरा कर बोला, ये सब ले जाकर मैं क्या करूंगा?' तब पिकासो ने कहा, 'तस्वीर रंगों और कैनवास का जोड़ नहीं है उससे कहीं ज्यादा है। इनके द्वारा तो हम उसे उतारते हैं जो कैनवास और रंग नहीं है।

## सामयिक

# कांग्रेस पर मुस्लिमों को आरक्षण व संपत्ति देने का आरोप और सच

**अवधेश कुमार**




**नरेंद्र मोदी सरकार ने जब राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया तो उसने राज्यों को भी पिछड़े वर्ग की सूची में जातियों को शामिल करने का अधिकार दिया। ममता बनर्जी ने 71 जातियां शामिल की जिनमें 65 मुस्लिम थे। जब पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसका कारण पूछा तो बताया गया कि पिछड़े हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण कर लिया।**

मुस्लिम आरक्षण इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बन गया है।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि वह अनुसूचित जाति - जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण हटाकर मुसलमान को देना चाहती है। कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष और भाजपा विरोधी कह रहे हैं कि मोदी और भाजपा देश में हिंदू मुस्लिम के नाम पर चुनाव में ध्रुवीकरण चाहते हैं जो सरेआम सांप्रदायिककरण है। अगर चुनाव में किसी संप्रदाय पर हमला किया जाए या उसके विरुद्ध दूसरे संप्रदाय को भड़काया जाए तो यह सांप्रदायिकता की श्रेणी में आएगा और इसके लिए चुनाव कानून ही नहीं सामान्य कानूनों में भी मुकदमा चलाने तथा सजा देने का प्रावधान है। प्रश्न है कि क्या प्रधानमंत्री ने जो आरोप लगाया उसे चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने का षड्यंत्र मान लिया जाए या उसके पीछे तथ्य भी हैं? कांग्रेस के नेता और प्रवक्ता प्रधानमंत्री पर हमले कर रहे हैं किंतु यह कहने को तैयार नहीं है कि वह मुसलमानों को आरक्षण देने के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस यह भी स्पष्ट नहीं करती कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण के विरुद्ध है।

कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वचन देते हुए यह सुनिश्चित करने की घोषणा करती है कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले तो इसलिए मंशा पर प्रश्न उठता है क्योंकि इसकी पृष्ठभूमि है। कांग्रेस सरकारों ने पहले भी मुसलमानों को आरक्षण देने की पहल की है। चूंकि धर्म के आधार पर आरक्षण मान्य नहीं था, इसलिए अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण में से ही कर्नाटक में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया। केंद्र में यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान आंध्रप्रदेश की कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को आरक्षण देने का कानून बना दिया। यह विषय सुप्रीम कोर्ट तक गया और कांग्रेस के सभी नामी वकीलों ने इसमें पैरवी की। आज भी अनुसूचित जनजाति से धर्म परिवर्तन कर मुसलमान या ईसाई बनने वालों को आरक्षण का लाभ मिलता है। वे अल्पसंख्यक होने का भी लाभ पाते हैं और अनुसूचित जनजाति का भी।

कांग्रेस यह तो कह रही है कि इसमें मुस्लिम शब्द कहीं नहीं है पर अल्पसंख्यक का अर्थ क्या है? यूपीए सरकार के दौरान मुसलमानों को आरक्षण कांग्रेस की नीति में शामिल हुआ। मनमोहन सरकार ने सत्ता में आने के बाद सच्चर समिति गठित की, जिसने अपनी रिपोर्ट में मुसलमानों की स्थिति की भयावह तस्वीर पेश किया और उनके आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के नाम पर अनेक अनुशंसाएं की। इनमें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण भी शामिल था। सच्चर समिति की अनुशंसाओं के आलोक में न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा समितिका गठन हुआ जिसने पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जाति जनजाति से धर्म परिवर्तन करने के बावजूद मुसलमानों को आरक्षण देते रहने की सिफारिश की। यही नहीं उसने पिछला वर्ग के 27 प्रतिशतों के आरक्षण में से मुसलमान को देने की सिफारिश की। 30 नवंबर 2006 को सच्चर समिति की सिफारिशें सरकार को प्राप्त हुई और तत्कालीन प्रधानमंत्री पमनमोहन सिंह ने 9 दिसंबर 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक के भाषण में कहा कि 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं कृषि, सिंचाई, जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ ही एससी/एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों का उत्थान है। हमें ऐसी नई योजनाएं बनानी होंगी, जिनसे अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिल सके। देश के संसाधनों पर उनका पहला हक होना चाहिए।'

कांग्रेस पार्टी की धारणा यही थी कि मुस्लिम मत खिसकने के कारण ही विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में हाशिए पर गई और उसकी जगह सपा, बसपा, राष्ट्रीय जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने ले लिया। कांग्रेस को फिर से अपना स्थान बनाना है तो उसे स्वयं को मुस्लिमपरस्त दिखाना होगा। इस कारण उस दौरान मुसलमानों के लिए सरकार की नीतियों में जबरदस्त ढांचा तैयार हुआ। अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन हुआ। तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अभियान इसी कड़ी का अंग था जिसमें तीस्ता शीतलवाड को हर तरह से मदद दी गई। 2014 लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ठीक एक दिन पहले मनमोहन सरकार ने 5 मार्च, 2014 को दिल्ली की 123 प्रमुख संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड के हवाले कर दिया। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने 27 फरवरी, 2014 को राष्ट्रीय राजधानी में इन प्रमुख संपत्तियों पर दावा किया था। अनेक उदाहरण मिलेंगे जिनसे साबित होगा कि मनमोहन सरकार ऐसी मुस्लिम संस्थाओं, संगठनों और व्यक्तियों के पूरी तरह प्रभाव में था। यह आदेश सरकार ने उचित मुआवजे का अधिकार और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2013 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए किया। तो क्या यह संशोधित अधिनियम ऐसे ही कार्यों को ध्यान में रखते हुए पारित हुआ था? नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद इन संपत्तियों को मुक्त कराया गया और उसके लिए भी न्यायालय में संघर्ष करना पड़ा। उस समय कांग्रेस की राज्य सरकारों के कदमों की छानबीन की जाए तो पता चलेगा कि अनेक राज्यों में इस तरह के निर्णय हुए जिनका कोई वैधानिक आधार नहीं था। जिस तरह तेलंगाना एवं कर्नाटक में उसे मुस्लिम समुदाय का वोट मिला उससे उसको लगता है कि ऐसी नीतियों पर आगे बढ़ने से उसका खोया जनाधार वापस आ सकता है। इसलिए राहुल गांधी और उनके नेतृत्व में पूरी कांग्रेस यह साबित करने में लगी है कि मुसलमान के हितों के प्रति वह पूरी तरह समर्पित है या उसके लिए किसी सीमा तक जाने को तैयार है।

ध्यान रखिए, पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति को आरक्षण पहले से प्राप्त है, नरेंद्र मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर दिया है। तो आप आरक्षण की सीमा को बढ़ाना किसके लिए चाहते हैं? अपने भाषणों और वक्तव्यों में राहुल गांधी सहित ज्यादातर नेता अनुसूचित जाति-जनजाति व पिछड़े वर्ग के साथ ही अल्पसंख्यकों और मुसलमानों के उत्थान की बात करते हैं। आखिर अनुसूचित जाति-जनजाति जाति और पिछड़े वर्ग के साथ मुसलमान को क्लब कैसे किया जा सकता है? मुसलमानों ने देश में लंबे समय तक शासन किया और इस कारण वे विशेषाधिकार वर्ग में आते हैं। मुस्लिम नवाबों और जमींदारों की बड़ी संख्या पूरे देश में रही है। उनकी शक्ति इतनी थी कि उन्होंने जबरन देश का विभाजन भी करवा दिया। मुसलमानों का आर्थिक -सामाजिक - विकास हो इससे किसी को दो राय हो नहीं सकता। नरेंद्र मोदी सरकार में ही सरकारी नौकरियों में उनकी संख्या 2014 के मुकाबले दोगुनी से ज्यादा हुई है। किंतु हमारे यहां जाति व्यवस्था में हाशिए पर रहे समूहों के कारण आरक्षण का प्रावधान संविधान में लाया गया।

इसमें धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था न थी और न हो सकती है। ऐसी अवस्था में निश्चित रूप से अन्य पिछड़े वर्ग का हक मार कर ही कांग्रेस या आईएनडीआईए के अन्य दल उन्हें आरक्षण दे सकते हैं। जब 2012 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सलमान खुर्शीद ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की घोषणा की और उसके विरुद्ध न्यायालय में मामला गया तो कांग्रेस की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बाहर आकर बयान दिया कि खुर्शीद साहब ने जो कहा है वह कांग्रेस की मंशा है। पश्चिम बंगाल से इसके संदर्भ में एक डराने वाला आंकड़ा आया है। इस समय वहां 179 जातियां अन्य पिछड़े वर्ग में शामिल हैं जिनमें 118 मुस्लिम है और हिंदू सिर्फ 61 है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने जब राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया तो उसने राज्यों को भी पिछड़े वर्ग की सूची में जातियों को शामिल करने का अधिकार दिया। ममता बनर्जी ने 71 जातियां शामिल की जिनमें 65 मुस्लिम थे। जब पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसका कारण पूछा तो बताया गया कि पिछड़े हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण कर लिया। जब यह पूछा गया कि कहां-कहां ऐसा हुआ इसकी जानकारी दीजिए तो उत्तर आया कि इसकी जानकारी नहीं है। सरकारों ने ऐसे नियम और ढांचे बना दिया जिनसे राजस्थान, बंगाल, कर्नाटक सहित कई राज्यों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण का ज्यादातर लाभ मुस्लिम समुदाय को मिल रहा है। इसके बाद क्या किसी संदेह की गुंजाइश रह जाती है?

## नजरिया

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

**रमेश सर्राफ धमोरा**



भारतीय इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रण बांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे बड़े अनेक राज्य रहे है, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। जिसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया।

गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतों ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला।

1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चितौड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुन: देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया।

महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी।

18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील ,रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोंपे और विशाल सेना थी। लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजो की सेना के अलावा कुछ भी नही था। महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। इस तरह वह भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे।

इतिहासकार कर्नल टॉड ने हल्दी घाटी के युद्व को मेवाड़ की थर्मोपल्ली की संज्ञा दी है। इस युद्व में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के युद्व में पराजय के बावजूद महाराणा प्रताप के यश और कीर्ति में कोई कमी नहीं आई। बल्कि हल्दी घाटी को इस युद्व ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं इस युद्व ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्व कर दिया।

हल्दी घाटी के युद्व के बाद महाराणा प्रताप के जीवन में जिस संकट काल का प्रारंभ हुआ वह लगभग दस वर्ष (1576-1586) तक चला और बीतते समय के साथ वह अधिक विषम होता चला गया। इस दौरान गोगुन्दा से दक्षिण में स्थित राजा गांव में महाराणा के परिवार को घास की रोटी भी नसीब नहीं हुई और एक बार वन विलाव उनके भूखे बच्चों के हाथ से घास की रोटी भी छीन कर ले गया था। इस संकट के समय में महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह और उनके भाई ताराचंद ने 25 लाख रूपए तथा 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं उनकों भेंट कर अपनी स्वामी भक्ति का परिचय दिया। इस धन से उन्होंने पुनः सेना जुटाकर दिवेर को जीत लिया और चांवड पंहुचकर अपना सुरिक्षत मुकाम बनाया। मेवाड़ के बचे हुये भू भाग पर फिर से महाराणा का ध्वज लहराने लगा। बांसवाडा और डूंगरपुर के शासकों को भी पराजित कर प्रताप ने अपने अधीन कर लिया। अकबर के आक्रमक अभियानों की समाप्ति के बाद मेवाड़ में नए युग का सूत्रपात हुआ। महाराणा प्रताप ने एक वर्ष में ही चितौड़गढ़ और जहाजपुर को छोडकर सम्पूर्ण मेवाड़ पर सत्ता कायम कर ली। उन्होंने चांवड को अपनी राजधानी बनाकर राज्य में शांति व्यवस्था कायम की।

महाराणा प्रताप कुशल शासक होने के साथ-साथ पीडितों और विद्वानों का आदर भी करते थे। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। चांवड मे चावंड माता के मंदिर का निर्माण भी महाराणा प्रताप ने ही करवाया था। उनके दरबार में कई विख्यात चारण कवि थे। जिनमें कविवर माला सांदू और दुरासा आढा ने उनकी प्रंशसा में उच्च कोटि की काव्य रचना की। सादड़ी में जैन साधू हेमरत्न सूरि ने गोरा बादल-पद्मिनी चौपाई की रचना भी महाराणा प्रताप के समय ही की थी। महाराणा प्रताप ने चावंड को चित्रकला का केन्द्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड शैली का प्रारम्भ करवाया था।

महाराणा प्रताप ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपने पहले पुत्र अमर सिंह को सिंहासन पर बैठाया। महाराणा प्रताप शिकार के दौरान बुरी तरह घायल हो गये और उनकी 56 वर्ष की आयु में मौत हो गयी। उनके शव को 29 जनवरी 1597 को चावंड लाया गया। इस तरह महाराणा प्रताप इतिहास के पन्नों में अपनी बहादुरी और जनप्रियता के लिए अमर हो गये।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# रफह पर हमले को लेकर अमेरिका चिंतित; इजराइल को गोला बारूद की आपूर्ति रोकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका ने उसकी इच्छा के विपरीत गाजा के रफह शहर पर बड़े पैमाने पर हमला करने के इजराइल के फैसले को लेकर चिंता व्यक्त करने के लिए पिछले सप्ताह इजराइल को गोला बारूद की खेप की आपूर्ति रोक दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि खेप में 2000 पाउंड वजन (900 किलोग्राम) के 1800 बम और 500 पाउंड वजनी (225 किलोग्राम) 1700 बम भेजे जाने थे। अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि कैसे इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटकों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले क्षेत्र में किया जा सकता है।

चरमपंथी हमास द्वारा पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर घातक हमला किए जाने के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी पर आक्रमण शुरू कर दिया था, जिसके बाद से 10 लाख से अधिक नागरिकों ने रफह में शरण ली हुई है।

अमेरिका ने ऐतिहासिक रूप से इजराइल को भारी मात्रा में सैन्य सहायता मुहैया कराई है। हमास के सात अक्टूबर के हमले के बाद इसमें काफी तेजी दिखी गई। हमास के हमले में इजराइल में लगभग 1,200 लोगों की जान चली गई थी और लगभग 250 लोगों को चरमपंथियों ने बंधक बना लिया।

गोला बारूद की खेप को रोकने से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के बीच बढ़ता गतिरोध और खुलकर सामने आया गया है। बाइडन ने इजराइल से गाजा में निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए और अधिक उचित कदम उठाने का आह्वान किया था।

वहीं, बाइडन प्रशासन इस हफ्ते इस बात पर फैसला दे सकता है कि क्या इजराइल द्वारा गाजा में हवाई हमला और उस तक सहायता सामग्री न पहुंचने देने में अंतरराष्ट्रीय और अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन हुआ है जो नागरिकों को युद्ध की भीषणता से बचाने के लिए बनाए गए हैं।

व्हाइट हाउस की ओर से कई महीने तक आपत्ति दर्ज कराए जाने के बावजूद इजराइली सरकार रफह पर आक्रमण की तैयार करती रही, जिसके बाद अप्रैल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इजराइल को भविष्य में सैन्य सहायता भेजने की समीक्षा शुरू कर दी।

अधिकारी ने बताया कि गोला बारूद की खेप की आपूर्ति रोकने का निर्णय पिछले सप्ताह लिया गया और खेप निकट भविष्य में इजराइल को भेजी जाएगी या नहीं, इस पर निर्णय नहीं लिया गया है।

# भारत सौर ऊर्जा उत्पादन मामले में जापान को पीछे छोड़ तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली/भाषा। सौर ऊर्जा के उपयोग पर जोर के साथ भारत बीते साल जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में काम कर रहे शोध संस्थान एंबर की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारत 2015 में सौर ऊर्जा के उपयोग के मामले में नौवें स्थान पर था।

'ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक बिजली उत्पादन का 5.5 प्रतिशत सौर ऊर्जा के रूप में हुआ। वैश्विक रुख के अनुरूप भारत ने पिछले साल कुल बिजली उत्पादन का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त किया।

एंबर के एशिया कार्यक्रम के निदेशक आदित्य लोला ने कहा, हरित बिजली क्षमता बढ़ाना सिर्फ बिजली क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नहीं है। बल्कि अर्थव्यवस्था में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने और आर्थिक वृद्धि को उत्सर्जन से अलग करने के लिए भी इसकी आवश्यकता है...।

रिपोर्ट के अनुसार, सौर ऊर्जा ने लगातार 19वें वर्ष दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बिजली स्रोत के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखा है। बीते वर्ष दुनियाभर में कोयले की तुलना में इस स्वच्छ ऊर्जा स्रोत से दोगुने से अधिक बिजली जोड़ी गई।

स्वागत



हिमाचल प्रदेश के मंडी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और पार्टी उम्मीदवार कंगना रनौत के साथ।

# अधिकतर भारतीय-अमेरिकी प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का समर्थन करते हैं : भुटोरिया

सांता क्लारा (अमेरिका)/भाषा। अमेरिका में भारतीय प्रवासी समुदाय के एक प्रभावशाली नेता अजय जैन भुटोरिया ने कहा कि ज्यादातर भारतीय-अमेरिकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल चाहते हैं क्योंकि उनकी सरकार की नीतियां भारत को बदल रही हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए निधि जुटाने वाले भुटोरिया ने कहा कि भारतीय अमेरिका में गहन आर्थिक वृद्धि का हिस्सा हैं और वे आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भारतीय-अमेरिकी भारत में ऐसी ही आर्थिक वृद्धि देखते हैं तो उन्हें इस पर गर्व महसूस होता है।

भुटोरिया ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि अधिकतर भारतीय-अमेरिकी चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी वापसी करें।

जब भारत चमकता है तो उन्हें गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा, उन्हें गर्व महसूस होता है कि भारत वृद्धि कर रहा है। भारत लगभग छह से सात फीसदी की तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। जब मैं आंकड़े पढ़ रहा था तो यह कहते हैं कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए इस साल के अंत तक जापान को पीछे छोड़ देगा। और संभवत: 2027 तक भारत, अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कोष में पांच लाख डॉलर दिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र/भाषा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कोष में 5,00,000 डॉलर का योगदान दिया है जो आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बहुपक्षीय प्रयासों को समर्थन देने की उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कम्बोज ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को 'यूएन काउंटर-टेररिज्म ट्रस्ट फंड' (सीटीटीएफ) में देश की ओर से पांच लाख डॉलर का स्वैच्छिक वित्तीय योगदान सौंपा। संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत कम्बोज ने एक बयान में कहा, भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-रोधी कार्यालय के निर्णय और कार्यों को बहुत महत्व देता है। नवीनतम योगदान आतंकवाद के संकट के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बयान में कहा गया कि भारत के योगदान से संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय के वैश्विक कार्यक्रम को मदद मिलेगी, विशेषकर आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने और आतंकवादियों की आवाजाही से निपटने में।



प्रेस वार्ता

पटना में बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ भाजपा के पटना साहिब प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद।



# 'वेलकम टू दि जंगल' के सभी कलाकारों ने अपने आप को अहमद खान के हवाले कर दिया है : श्रेयस तलपड़े


मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े का कहना है कि वेलकम टू द जंगल के सभी कलाकारों ने अपने आप को निर्देशक अहमद खान के हवाले कर दिया है और सभी उनके निर्देशानुसार ही काम करते हैं। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब क टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। फिल्म वेलकम टू द जंगल को लेकर श्रेयस तलपड़े ने कहा,सभी कलाकारों के अपने विचार और सुझाव होते हैं।हम सभी सुबह वेलकम टू जंगल में 17 कलाकारों के साथ तैयार होकर अहमद से पूछते हैं कि आज हम क्या कर रहे हैं। वह पूरा दृश्य पढ़ते हैं। फिर हर कोई विचार रखता है।अहमद सबकी बात सुनते हैं, लेकिन वहीं करते हैं जो वह चाहते हैं। जब हममें से 17-18 लोग परफॉर्म कर रहे होते हैं, तो सोचते हैं कि सीन कैसा जा रहा है, लेकिन ये सीक्रेंस बेहद मजेदार बन गए क्योंकि उन्हें पता है कि वह क्या कर रहे हैं। हमने खुद को उनके हवाले कर दिया है।' बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 'वेलकम टू द जंगल' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

प्रथम स्थान



बेंगलूरु के उत्तरहल्ली का चैतन्य स्कूल राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विजयी रहा। पांडिचेरी में कर्नाटक वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर 14 और 17 वर्ग ने भाग लिया। अंडर 14 टीम में प्रथम पुरस्कार चैतन्य स्कूल को मिला। खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय शारीरिक शिक्षक गुरुप्रसाद, स्कूल के सीईओ सुनील कुमार और एजीएम शिवप्रसाद को दिया। इस टीम में खाण्डल विप्र समुदाय के भागीरथ माटोलिया के पुत्र गीतेश शर्मा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया जिससे समाज के लोगों में खुशी की लहर है। अंडर 17 में स्कूल का तीसरा स्थान रहा।



# 'सुहागन चुड़ैल' के सेट से निया शर्मा ने शेयर किए फोटो

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस निया शर्मा इस समय अपने अपकमिंग शो 'सुहागन चुड़ैल' की शूटिंग में बिजी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शूटिंग की झलकियां साझा कीं, जिनमें तस्वीरें और वीडियो भी शामिल हैं। एक्ट्रेस ने सबसे पहले शो के टीम के साथ एक तस्वीर साझा की। इसके बाद, एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें वह कैमरे की तरफ पीठ करके खड़ी है और यह पूछते हुए सुना जा सकता है, क्या मैं फ्लैट दिखती हूं? इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मुझे अपनी लाइफ में अलग-अलग परेशानियां हैं।

एक और तस्वीर में वह अपने लंबे, काले रंग के पैर के नाखूनों को दिखाती नजर आ रही हैं। 2010 में 'काली- एक अग्निपरीक्षा' से अपनी जर्नी शुरू करने वाली 33 वर्षीय एक्ट्रेस 'सुहागन चुड़ैल' में नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी। शो में वह शादीशुदा पुरुषों को मारकर शक्तियां हासिल करती हैं। शो में जैन इबाद खान, सचिन खुराना, सुभलक्ष्मी दास और आराधना शर्मा जैसे नाम शामिल हैं।



# 'बैड न्यूज' में शामिल हुई अनन्या पांडे

मुंबई/एजेन्सी

लम्बे समय से आदित्य राय कपूर के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चाओं में रही अभिनेता चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे दर्शकों के सामने अपनी पिछली फिल्म खो गए हम कहाँ में नजर आई थीं। इस फिल्म को सीधे ओटीटी पर प्रदर्शित किया गया था।

दर्शकों ने इस फिल्म को खास पसन्द किया था, विशेष रूप से युवाओं ने। अब अनन्या पांडे एक बार फिर से चर्चाओं में हैं। एक तो वह आदित्य के साथ अपने ब्रेकअप को लेकर चर्चा पा रही हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म बैड न्यूज में मेहमान भूमिका निभाने के लिए साइन किया है। इस फिल्म में विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी के फैन उनकी फिल्म 'बैड न्यूज' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। विक्की की पिछली फिल्म 'सैम बहादुर' और तृप्ति की 'एनिमल' थी। खास बात ये है कि दोनों फिल्में पिछले साल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। बहरहाल 'बैड न्यूज' को लेकर नई अपडेट ये है कि इस फिल्म से एक्ट्रेस अनन्या पांडे भी जुड़ गई हैं।

इसके साथ ही अनन्या के किरदार से भी पर्दा उठ चुका है। ई-टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में अनन्या मेहमान भूमिका (गेस्ट एपीयरेंस) में नजर आएंगी। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पहले ही पूरी कर ली है। अनन्या एक लोकप्रिय फिल्म स्टार की भूमिका निभाएंगी। उनका किरदार कहानी में ट्विस्ट लाएगा।

पंजाबी गायक एमी विर्क भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। फिल्म 19 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म के निर्देशक आनंद तिवारी और प्रोड्यूसर करण जौहर हैं। अनन्या की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म 'खो गए हम कहां' थी। इन दिनों वह 'कंट्रोल' की शूटिंग में बिजी हैं। अनन्या साथ ही अक्षय कुमार और आर माधवन की फिल्म 'शंकरा' में दिखेंगी। हाल ही खबर आई थी कि अनन्या का एक्टर आदित्य रॉय कपूर के साथ ब्रेकअप हो चुका है।

# अजय देवगन की मां किरदार निभाने को तैयार हैं मधु

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री मधु का कहना है कि यदि उन्हें चुनौतीपूर्ण भूमिका मिलती है तो उन्हें अजय देवगन की मां का किरदार निभाने से कोई परेशानी नहीं हैं। मधु ने हिंदी के अलावा तमिल तेलुगु मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। मधु ने अजय देवगन के साथ वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म फूल और कांटें से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अजय देवगन की भी फूल और कांटे डेब्यू फिल्म थी।करीब तीन साल पहले हुए एक इंटरव्यू में मधु ने कहा था की यदि उन्हें किसी प्रोजेक्ट में अजय देवगन की मां की भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिले तो वह उसे तुरंत इंकार कर देंगी। हालांकि, अब मधु फिल्म में अजय देवगन की मां बनने को तैयार हैं।



मधु ने कहा, आज मैं बतौर अभिनेत्री सोच रही हूं। यदि अब मुझे कोई ऐसी भूमिका मिलती है, जहां निर्माता कहते हैं कि आपको अजय से बड़ी दिखना है या उनकी मां की भूमिका निभानी है तो मैं बतौर अभिनेत्री उसे एक चुनौती के रूप में लूंगी।



# भक्ति राठौड़ ने 'पुष्पा इम्पॉसिबल' के 600वें एपिसोड का जश्न मनाया

मुंबई/एजेन्सी

लोकप्रिय शो पुष्पा इम्पॉसिबल में सोनल की भूमिका के लिए मशहूर भक्ति राठौड़ ने शो के 600 एपिसोड होने का जश्न मनाया। भक्ति राठौर ने 'पुष्पा इम्पॉसिबल' के 600वें एपिसोड की शूटिंग पूरी की। अपनी खुशी और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, भक्ति ने साझा किया, मैं खुश और उत्साहित हूं कि हमने 600 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। पहली बार पढ़ने के बाद से ही हमारे बीच बहुत अच्छी बॉन्डिंग हो गई।सोनल का किरदार निभाना खोजों से भरा रहा है। उसकी सीमाएं असामान्य हैं और वह बिल्कुल श्वेत-श्याम व्यक्ति नहीं है। उसके चरित्र की परतों की खोज करना अभी भी रोमांचक है।

भक्ति ने सोनल के चरित्र को इतनी अच्छी तरह से लिखने के लिए लेखकों की प्रशंसा की और विशेष रूप से निर्माता जेडी मजेठिया के समर्पण पर प्रकाश डाला, जो हमेशा शो में गहराई से निवेशित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि जेडी सर एक निर्माता हैं जो नियमित रूप से सेट पर आते हैं और अक्सर रचनात्मक चर्चा करते हैं। वह मेरे लिए एक संस्था है।मैं सोनल के साथ बहुत मेल खाती हूं क्योंकि हमारे बीच गलत और सही के बारे में समान अंतर हैं।

